कोटद्वार,रविवार
7 जनवरी 2024
वर्ष: 45
अंक: 246 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# हमारे ज्ञान का विशाल भंडार पूरी दुनिया को है समर्पित : राजनाथ सिंह

## भारत की नैतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए देश में और अधिक गुरुकुल हों स्थापित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को स्वामी दर्शनानन्द गुरूकुल महाविद्यालय, हरिद्वार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं योग गुरु स्वामी रामदेव की उपस्थित में 'पतंजलि गुरूकुलम' एवं 'आचार्यकुलम' का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि देश में गुरूकुलों में न केवल आधुनिक शिक्षा प्रदान की जाए, बल्कि भारत की नैतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए और अधिक गुरुकुल स्थापित किए जाने चाहिए। ऐसे समय में जब विदेशी संस्कृति के अनुकरण के कारण नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है, युवाओं को नैतिक मूल्यों के समावेश के साथ आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए गुरुकुलों को यह दायित्व निभाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने गुरुकुलों से आज के निरंतर विकसित हो रहे समय के साथ तारतम्य बिठाते हुए पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम प्रौद्योगिकी जैसी उभरती और



अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में अग्रसर होने का आह्वान किया। ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित करें जो देश को इस क्षेत्र में अग्रणी बनायें। उन्होंने कहा कि गुरुकुलों को अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए मार्ग दर्शक के रूप में कार्य करना चाहिए, आने वाले समय में वे एक बार फिर देश और उसकी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करें और भारत की नई पहचान बनें। रक्षा मंत्री ने कहा कि लगभग 1,500 वर्ष पूर्व भारत में कई बड़े विश्वविद्यालय थे, जिनमें गुरुकुल परंपरा प्रचलित थी। उसके बाद, देश ने विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा उस व्यवस्था को लगभग नष्ट होते हुए देखा। बदले में, उन्होंने एक ऐसी प्रणाली विकसित की जो हमारे युवाओं को देश की सांस्कृतिक भावना के अनुरूप शिक्षा प्रदान नहीं करती थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि उस दौरान, स्वामी दर्शनानंद जी ने इस गुरुकुल की स्थापना की, जो तत्कालीन समय से हमारी युवा पीढ़ियों को ज्ञान और संस्कृति के माध्यम से दीप्तिमान कर रहा है। रक्षा मंत्री ने योग के महत्व का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे इसके हितकारी होने के कारण संपूर्ण विश्व ने प्राचीन भारतीय पद्धति का अनुसरण किया है। "भारत वसुधैव कुटुंबकम (विश्व एक परिवार) की अवधारणा का पालन करता है।

हमारे ज्ञान का विशाल भंडार पूरी दुनिया को समर्पित है। अब 21 जून को संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि योग की इस प्रथा को, कभी केवल भारत तक ही सीमित माना जाता था, लेकिन अब इसे विश्व स्तर पर लोगों ने स्वीकार किया है, अब योग प्रणाली पूरे विश्व के लोगों के दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।"

## गुरूकुलम मध्य प्रदेश में भी स्थापित करने का प्रयास करें

**देहरादून** : इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सात प्रमुख नगरियों में से मध्य प्रदेश की अवन्तिका नगरी तथा यहां की मायापुरी प्रमुख हैं। कहा कि यह श्रीकृष्ण की धरा है। यहां आचार्य संदीपनी के आश्रम में श्रीकृष्ण ने 64 कला तथा 14 विद्याओं का अध्ययन किया था। नई शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुये कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने योग गुरू स्वामी रामदेव से अपेक्षा की कि इस गुरूकुलम को जल्द से जल्द तैयार करने के साथ ही ऐसा ही गुरूकुलम मध्य प्रदेश में भी स्थापित करने का प्रयास करें, जिसके लिये मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सांसद सुधांशु त्रिवेदी, भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एमपी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## गुरूकुलम के छात्र आदर्श नागरिक के रूप में समाज में देंगे अपना योगदान : धामी

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती और स्वामी दर्शनानंद का प्राचीन गुरूकुल परंपरा को पुर्नजीर्वित करने में बड़ा योगदान रहा है।

कहा कि जिस प्रकार स्वामी रामदेव ने पतंजलि योगपीठ के माध्यम से विश्व में योग और आयुर्वेद को बढ़ावा देने का कार्य किया, उसी प्रकार पतंजलि गुरूकुलम भी शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव का द्योतक बनेगा। गुरूकुलम में बच्चों को शिक्षा के साथ ही संस्कार भी मिलेंगे, जिससे वो एक आदर्श नागरिक के रूप में समाज में अपना योगदान दे सकेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुकुल में गुरु अपने छात्रों को अपना कुलवाहक मानकर उन्हें तैयार करते हैं तथा शिक्षित कर उन्हें आदर्श मनुष्य बनाने का काम करते हैं।



## बगैर डीएल के बस चलाई तो होगी कार्रवाई

**देहरादून(सं)।** रोडवेज ने बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ड्राइवरों को रूट पर भेजने वाले वरिष्ठ केंद्र प्रभारी, केंद्र प्रभारी और समयपालों को सख्त हिदायत दी है। चेताया कि यदि कोई ड्राइविंग लाइसेंस के बिना किसी ड्राइवर को रूट पर भेजा जाता है तो कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाए। यह आदेश शनिवार को मंडलीय प्रबंधक (संचालन) संजय गुप्ता ने किए हैं। आदेश में कहा कि ड्राइवर के पास वैध लाइसेंस होने के बाद ही उसे रूट पर भेजा जाए। इसके साथ ही पर्वतीय रूटों के ड्राइवरों का ड्राइविंग लाइसेंस हिल इंडोर्समेंट होना जरूरी है। ड्राइवर के पास लाइसेंस की मूल प्रति हो। कहा कि यदि अनुबंधित बसों के ड्राइवर के पास भी लाइसेंस की मूल प्रति नहीं है तो उन्हें रूट पर ना भेजा जाए। लाइसेंस को भी भली भांति चेक करें कि वैध है या नहीं। चेतावनी दी कि इसमें किसी तरह की कोताही बरती जाती है तो इसके लिए वरिष्ठ केंद्र प्रभारी, केंद्र प्रभारी और समयपाल जिम्मेदार होंगे। उनके खिलाफ कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## कंपनी से लाखों की कीमत का सामान चोरी

**देहरादून(सं)।** राजपुर क्षेत्र में एक कंपनी से दो कर्मचारियों ने करीब 11 लाख रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। में शुभम शर्मा ने तहरीर दी। उन्होंने बताया कि वो कैनाल रोड स्थित एक कंपनी में मैनेजर हैं। कंपनी ई कामर्स कंपनियों के सामान की डीलीवरी का काम करती है। उन्होंने बताया कि बीते कुछ समय से आफिस से सामान चोरी होने का मामला सामने आ रहा था।

## वीजा बनवाने के नाम पर 21.85 लाख रुपये हड़पे

**देहरादून(सं)।** वीजा बनवाने के नाम पर दंपत्ति ने दून निवासी एक व्यक्ति से करीब 21.85 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कैंट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक गिरीश चंद्र शर्मा ने बताया कि सागर चहल निवासी विजय पार्क ने तहरीर दी कि बलजीत सिंह निवासी रामपुर उत्तर प्रदेश और उनकी पत्नी दिशा से उनकी पुरानी पहचान थी। आरोपियों ने युवक को विदेश जाने के लिए वीजा बनवाने का झांसा दिया था।

चहल ने बताया कि उन्होंने बताया कि वीजा के लिए उन्हें अपनी संपत्ति दिखानी होगी। इसके लिए उनसे 21. 85 लाख रुपये लिए गए। आश्वासन दिया कि वीजा मिलने के बाद उन्हें रकम लौटा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अब उनका वीजा तो बनकर आ गया है, लेकिन आरोपी रकम नहीं लौटा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बाबत उन्होंने आरोपियों के घर जाकर पूछताछ की तो पता चला दोनों फरार हैं।

## व्यापारियों को बैंकिंग योजनाओं की जानकारियां दीं

ऋषिकेश(सं)। भारतीय स्टेट बैंक ऋषिकेश ने कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बैंक अधिकारियों ने व्यापारियों को उनका बिजनेस बढ़ाने सहित तमाम बैंकिंग योजनाओं के बारे में जानकारियां दीं। शनिवार को दून मार्ग स्थित व्यापार सभा भवन में भारतीय स्टेट बैंक ऋषिकेश ने कार्यक्रम आयोजित किया।

इसमें भारतीय स्टेट बैंक ऋषिकेश की मेन ब्रांच के मुख्य प्रबंधक बसंत कुमार ने कहा कि ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझना होगा और उन्हें अपने व्यवसाय के लिए बैंकिंग चैनल के उपयोग के महत्व को समझाना होगा। ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुसार चालू खाते ऋण, पीओएस मशीन, नगद जमा आदि जैसी बैंकिंग उत्पादों की जानकारी होनी जरूरी है। जोखिम कम करने और निवेश विकल्प साझा करने के लिए सुझाव दिए जाने जरूरी है।

# कांग्रेस ने युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ निकाली पदयात्रा

**देहरादून(सं)।** रोजगार के सवाल पर कांग्रेस ने देहरादून में शनिवार को पूर्व सीएम हरीश रावत की अगुवाई में पदयात्रा निकाली। रावत ने कहा कि राज्य के युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर धोखा किया जा रहा है।

उन्होंने दावा किया कि अब तक सबसे कम नौकरियां भाजपा शासनकाल में हुई हैं और वह इस पर खुली बहस के लिए भी तैयार हैं। पदयात्रा के समापन पर कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में न्याय यात्राएं निकालने का भी ऐलान किया। डिस्पेंसरी रोड स्थिति राजीव गांधी के प्रतिमा स्थल से पूर्व सीएम हरीश रावत ने कांग्रेसियों के साथ पदयात्रा शुरू की। दर्शनलाल चौक से घंटाघर होते हुए गांधी पार्क में पदयात्रा के समापन पर सभा हुई। यहां हरीश रावत ने कहा कि कहा कि राज्य में 93 हजार पद खाली हैं। इनमें उपनल के पद हटा दें तो 70 हजार पदों पर युवाओं को भर्ती का इंतजार है। उत्तराखण्ड में जो पीएसयू हैं, उनमे भर्ती नहीं हो रही है। बीएचईएल में 2016 के बाद नई भर्ती नहीं हुई और यहां एक चौथाई पद ही रह गए हैं। आईडीपीएल और एचएमटी पर ताले डाल दिए गए हैं।

राज्य सरकार नाममात्र की ही नौकरियों को दे पा रही है। रावत ने आबकारी में फिजिकल के मापदंड का मुद्दा भी उठाया। कहा कि मापदंड बदलने से पहाड़ के युवाओं को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं।

रावत ने कहा कि यह पदयात्रा युवाओं के साथ धोखे के खिलाफ है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा से अपेक्षा की कि वह इस मुहिम को वह पूरे प्रदेश में लेकर जाएं। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि राहुल गांधी जिस दिन मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू कर रहे हैं, उस दिन से पूरे उत्तराखंड में बेरोजगारों, युवाओं और अंकिता भंडारी के लिए न्याय के लिए कांग्रेस यात्राएं निकालेगी।

पदयात्रा में पूर्व गोविंद सिंह कुंजवाल, मंत्री प्रसाद नैथानी, शूरवीर सिंह सजवाण, हीरा सिंह बिष्ट, गोदावरी थापली, सतपाल ब्रह्मचारी, मथुरा दत्त जोशी, सुरेंद्र कुमार, आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा, अशोक वर्मा, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, वीरेंद्र पोखरियाल, अमरजीत सिंह, गरिमा दसौनी, शीशपाल सिंह बिष्ट, राजपाल खरोला, महेंद्र नेगी गुरुजी, जगदीश धीमान, अभिषेक भंडारी, उर्मिला थापा, राकेश नेगी, ओम प्रकाश सती बब्बन, जितेंद्र सिंह बिष्ट, श्याम सिंह चौहान, लाखीराम बिजल्वाण, राजेश चमोली, सतीश पंत, मोहन काला, पूनम कंडारी, मीना रावत, जयेंद्र रमोला, रितेश छेत्री, यामीन अंसारी, हरिओम भट्ट, लखपत बुटोला, पूरन सिंह रावत, नीनू सहगल, दीप बोरा, अजय रावत, सौरव रावत, मयंक रावत, अमित कुमार समेत अन्य शामिल हुए।

## दून खुखरायण बिरादरी 12 जनवरी को मनाएगा लोहड़ी पर्व

**देहरादून(सं)।** दून खुखरायण बिरादरी समिति देहरादून 12 जनवरी शुक्रवार को रात्रि साढ़े सात बजे से मन भवन पैलेस गुरु रोड पटेल नगर में लोहड़ी महोत्सव मनाएगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बिरादरी के प्रचार मंत्री भूपेन्द्र चड्ढा ने बताया कि इस अवसर पर 12 जनवरी को सांस्कृतिक, पंजाबी डांस, भांगड़ा के साथ लोहड़ी की पूजा अर्चना कर जलाई जायेगी। कार्यक्रम में खुखरायण बिरादरी के सभी परिवारों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर बिरादरी के रेस्ट कैंप स्थित खुखरायण भवन में आयोजित बैठक में प्रधान चंद्र मोहन आनंद, सचिव अनिल भसीन, उप प्रधान ओम प्रकाश सूरी, वीरेंद्र सभरवाल, मनोज सूरी, भूपेन्द्र चड्ढा, योगेंद्र सूरी, राजेश साहनी, वेद सूरी, कर्नल ए आनंद, एम पी चड्ढा एवम् हरिओम साहनी आदि मौजूद रहेश्याम सुंदर मंदिर में 13 को लोहड़ी पर्व : श्री श्याम सुन्दर मन्दिर पटेल नगर के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र चड्ढा ने बताया कि 13 जनवरी को रात्रि साढ़े सात बजे लोहड़ी पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर के बाहर लोहड़ी का पूजन कर सामूहिक लोहड़ी जलाई जायेगी।

## देश के लिए शुभ है कमल का निशानः महाराज

**देहरादून(सं)।** देश को मोदी की गारंटी का लाभ मिल रहा है।आगामी लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी 400 सीटों से भी अधिक पर जीत हासिल करेगी। देश के लिए कमल का निशान बहुत ही शुभ है। उक्त बात प्रदेश के सिंचाई, लोक निर्माण, पर्यटन, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, धर्मस्व एवं संस्कृति सतपाल महाराज ने लोकसभा चुनावों को देखते हुए सुभाष रोड़ स्थित अपने कैम्प कार्यालय के समीप भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को दीवार लेखन अभियान (वॉल पेंटिंग) की शुरुआत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पूरा संसार कमलमय हो रहा है। लक्ष्मी जी कमल के फूल पर बैठकर प्रकट होती हैं। कैबिनेट मंत्री महाराज ने इस मौके पर कहा कि कमल का निशान धर्मिक होने के साथ–साथ देश के लिए भी बहुत शुभ है। उन्होंने निहंग फकीर सिंह खालसा बाबा स्मरण करते हुए कहा कि अयोध्या में भगवान राम की गद्दी के जिस स्थान पर है उसे सुरक्षित रखने में उनका अविस्मरणीय योगदान रहा है।

धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री महाराज श्रीराम मंदिर निर्माण आन्दोलन के बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी आने वाले लोकसभा चुनावों में 400 से भी अधिक सीटों से विजय का परचम लहराएगी।

# 'वन इन ए बिलियन' फिल्म के निर्देशक अनुपम शर्मा और कार्यकारी निर्माता बॉबी कैश ने की राज्यपाल गुरमीत सिंह से मुलाकात

**देहरादून(सं)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में 'वन इन ए बिलियन' फिल्म के निर्देशक अनुपम शर्मा और कार्यकारी निर्माता बॉबी कैश ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को जाने माने देसी गायक, गीतकार और संगीतकार बॉबी कैश पर आधारित उनकी बायोपिक 'वन इन ए बिलियन' के बारे में अवगत कराया। यह फिल्म उत्तराखंड और ऑस्ट्रेलिया के पहले सह–निर्माण के रूप में बनाई जा रही है। बॉबी कैश एक भारतीय देसी गायक है, ऑस्ट्रेलिया में टैमवर्थ कंट्री म्यूजिक फेस्टिवल में उनके हिट डेब्यू के बाद दुनिया ने पहचाना। देहरादून में जन्मे बॉबी अपनी अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियों और भारत के एक देसी गायक के रूप में प्रतिष्ठित हैं। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता अनुपम शर्मा निर्देशक की भूमिका में होंगे। मूल रूप से देहरादून के रहने वाले अनुपम ने कई उच्च प्रोफ़ाइल ऑस्ट्रेलियाई भारतीय प्रस्तुतियों का निर्देशन और निर्माण किया है। राज्यपाल ने उनकी फिल्म के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि इससे उत्तराखंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच फिल्म निर्माण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा।



# 12 साल से फरार हत्यारोपी को उत्तराखंड पुलिस ने किया जालंधर से गिरफ्तार

**देहरादून(सं)।** थाना राजपुर पुलिस ने हत्या और डकैती के मामले में पिछले 12 साल से फरार आरोपी को जालंधर से गिरफ्तार किया है। आरोपी न्यायालय से जमानत लेने के बाद पिछले 12 सालों से लगातार फरार चल रहा था। आरोप है कि अवैध संबंधों के कारण आरोपी ने साल 2012 में अपने 4 अन्य साथियों के साथ मिलकर जालंधर निवासी एक व्यक्ति की हत्या कर शव को मसूरी रोड पुरकुल जाने वाले रास्ते पर फेंक दिया था। मामले के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अजय के साथी कुलविंदर के एक व्यक्ति की पत्नी के साथ अवैध संबंध थे। जिसकी जानकारी उस व्यक्ति को पता लग गई थी। इसके बाद कुलविंदर ने अपने चार साथी अजय निवासी जालंधर, कुलविंदर सिंह निवासी जालंधर, मनजीत सिंह निवासी जालंधर, पंकज शर्मा निवासी कांवली रोड देहरादून और राहुल कुमार निवासी जम्मू के साथ मिलकर उस व्यक्ति को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। पांचों महिला के पति को लेकर देहरादून आए और राजपुर क्षेत्र के



अंतर्गत मसूरी रोड पर पुरकुल जाने वाले रास्ते में उसकी हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिया। इसके बाद पांचों उसकी कार को लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस द्वारा घटना का खुलासा करते हुए सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया गया।इसके बाद आरोपी अजय ने न्यायालय से जमानत ली। लेकिन इसके बाद कभी भी न्यायालय में पेश न होकर लगातार फरार रहा। पुलिस ने बताया कि आरोपी का कोई स्थाई ठिकाना नहीं था। आरोपी ने किराये के मकान के पते को ही पहचान पत्र में अपना स्थाई पता अंकित कराया था। जिस कारण उस तक पहुंच पाना काफी मुश्किल हो रहा था। थाना रायपुर प्रभारी जितेंद्र चौहान ने बताया कि न्यायालय से जमानत लेने के बाद पिछले 12 सालों से फरार चल रहे आरोपी अजय के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम को आरोपी के जालंधर में छिपे होने की जानकारी मिली। जिस पर पुलिस ने जालंधर से आरोपी अजय को गिरफ्तार किया।

## गोगा नवमी के अवसर पर गोगा जी के भजन कीर्तनों पर श्रद्धालू झूमते रहे

**विकासनगर(सं)।** गोगा नवमी के अवसर पर सेलाकुई में गोगामेड़ी धाम मंदिर में भक्तों ने पूजा–अर्चना कर मन्नतें मांगी। भक्तों ने गोगा भगवान का आशीर्वाद लिया। वहीं, देर रात तक श्रद्धालु गोगा जी के जागरण में नाचते रहे। भजन–कीर्तनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। सेलाकुई राजा रोड स्थित गुरु गोरख धाम गोगामेड़ी पर जनवरी माह की कृष्ण पक्ष की नवमी को जागरण का आयोजन किया गया। शुक्रवार की देर शाम तक श्रद्धालु बाबा के भजनों पर झूमते रहे। सर्वप्रथम बाबा योगेंद्र नाथ हवन यज्ञ किया गया। गोगा जी की आरती कर भोग लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। गायक सतपाल ने गुरु गोरख आए बाग में, मारे कल की बेल चला देव जोगी, गुरुदेव मेरी नैया, भजनों से पंडाल को भक्ति में विभोर कर दिया। जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। देर रात तक श्रद्धालु भजन कीर्तनों पर झूमते रहे। इस मौके पर बाबा योगेंद्र नाथ ने कहा हर माह की कृष्ण पक्ष की नवमी को बाबा जाहरवीर जी का जगराता एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

# सावधानी ही बचाव : ठंड में बढ़ रहे हार्ट व ब्रेन के मरीज

## लगातार बढ़ रही ठंड से बेस अस्पताल व निजी अस्पतालों में बढ़े मरीज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लगातार बढ़ रही ठंड के साथ ही हार्ट व ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। बेस अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों में हर रोज सैकड़ों मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सक मरीज व तीमारदारों को ठंड में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। जहां तक संभव हो, सुबह के समय कोहरे व शीतलहर के बीच बाहर निकलते से बचें। अस्थमा के मरीजों के लिए यह मौसम जानलेवा साबित हो सकता है।




कोटद्वार का राजकीय बेस चिकित्सालय जहां इन दिनों मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

कोटद्वार क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से कोहरे व शीतलहर का प्रकोप छाया हुआ है। ऐसे में लगातार बढ़ रही ठंड दिल व दिमाग पर भारी पड़ रही है। पिछले कुछ दिनों से राजकीय बेस चिकत्सालय कोटद्वार के साथ ही निजी अस्पतालों में हृदय रोग के साथ ही अस्थमा पीड़ितों की संख्या बढ़ने लगी है। साथ ही ब्रेन स्ट्रोक के मामले भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में चिकित्सक ठंड के मौसम में सावधानियां बरतने की सलाह दे रहे हैं। यह मौसम सबसे अधिक घातक दिल व दिमाग के मरीजों के लिए है।

### सिकुड़ जाती हैं धमनियां

ठंड बढ़ने के कारण रक्त गाढ़ा हो जाता है, जिसका सीधा असर धमनियों में रक्त प्रवाह पर पड़ता है। ऐसे में ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। जिससे ब्रेन स्ट्रोक का खतरा पैदा हो जाता है। ठंड के इस मौसम में सुबह की गश्त सेहत पर भारी पड़ सकती है। तीस वर्ष की आयु से अधिक के सभी लोगों को ठंड से बचना चाहिए।

### इन बातों का रखे ध्यान

1. घर से बाहर निकलते हुए पर्याप्त कपड़े पहन कर ही निकलें।
2. संतुलित, पोषक और ताजा भोजन खाएं। नमक का सेवन कम करें।
3. अस्थमा के मरीजों के लिए कोहरा घातक साबित होता है। अस्थमा के मरीजों को कोहरा में घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए।
4. हृदय रोगी नियमित दवा लेते रहें
5. रक्तचाप के रोगियों को भी लगातार दवा लेती रहती चाहिए।
6. ठंडी चीजों का सेवन करने से बचें।

# चोरी की बुलेरा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी का खुलासा करते हुए चोरी की बुलेरो सहित शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को वादी मनीष तोमर पुत्र पीताम्बर तोमर निवासी पौखाल, विकासखंड दुगड्डा ने कोतवाली कोटद्वार में अपनी बोलेरो वाहन के 2 जनवरी को अज्ञात द्वारा रात्रि में उनके घर के पास से चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए तफ्तीश आरंभ कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे द्वारा उक्त चोरी की घटना को गम्भीरता से लेते हुए आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक जया बलोनी के निर्देशन, पुलिस उपाधीक्षक विभव सैनी के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अथक प्रयास व सीसीटीवी कैमरों की मदद से



अपनी समस्या से विधानसभा अध्यक्ष व जिलाधिकारी को अवगत करवाते प्रभावित परिवार

उपरोक्त अभियोग में संलिप्त आरोपी कीर्ति लाल उर्फ संजय पुत्र शिव दास, निवासी पुजार गाँव, पोस्ट–डुण्डा, थाना उत्तरकाशी जनपद उत्तरकाशी को मटियाली लंगूरगाड नदी के पास से चोरी किये गये वाहन सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## स्वयं सेवियों को बताया एनएसएस का महत्व

कोटद्वार : नगर निगम के अंतर्गत रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की रासेयो इकाई के स्वयं सेवियो का सात दिवसीय शिविर आरंभ हो गया है। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी राजन शर्मा ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवियों में समाज सेवा की प्रेरणा देती है। सामाजिक कार्यों के लिए सभी छात्र-छात्राओं को तैयार रहना चाहिए। यह उनका नैतिक कर्तव्य भी है। रासेयो जिला समन्वयक परितोष रावत ने स्वयं सेवियों को मतदान जागरूकता, बालिका शिक्षा, रक्तदान और अन्य सामाजिक बुराइयों पर आमजन को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, सृष्टि रावत, उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला और रोहित बलोदी सहित समस्त स्वयं सेवी मौजूद रहे।

# ऐता मे हाथी का आतंक, बर्बाद की फसल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दुगड्डा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम ऐता में हाथी का आतंक बना हुआ है। शुक्रवार रात गांव में पहुंचे हाथी ने ग्रामीणों की फसल बर्बाद कर दी। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है। कहा कि फसल बर्बाद होने से ग्रामीणों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

वन विभाग के लाख दावों के बाद भी आबादी में हाथी का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। आए दिन हाथी आबादी में पहुंचकर काश्तकारों की फसल बर्बाद कर रहा है। शुक्रवार रात ऐता गांव में पहुंचे हाथी ने खूब उत्पात मचाया। ग्रामीण बलवंत नेगी, सतीश नेगी, विवेक, मितेश नेगी, चंद्रगुप्त बौंठियाल ने बताया कि हाथी ने उनकी गेहूं की फसल तबाह कर दी। गांव में केले के पेड़ भी हाथी ने पूरी तरह तबाह कर दिए। आए दिन



ऐता गांव में हाथी द्वारा बर्बाद किए गए केले के पेड़

गांव में हाथी की धमक बढ़ती जा रही है। हाथी के डर से ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। लाख शिकायत के बाद भी वन विभाग हाथी को आबादी में आने से रोकने के लिए पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। गांव के आधिकांश ग्रामीण खेती पर ही निर्भर हैं। ऐसे में फसल बर्बाद होने से उन्हें आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

## भालू के डर से घरों में कैद हुए ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : प्रखंड दुगड्डा के अंतर्गत न्याय पंचायत उर्तिच्छा में लगातार भालू का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन भालू ग्रामीणों को गांव के आसपास घूमता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में ब्लाक प्रमुख व ग्रामीणों ने वन विभाग से भालू के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है। कहा कि भालू के डर से ग्रामीण घरों में कैद होकर रह गए हैं।

ब्लाक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रभागीय वनाधिकारी लैंसडौन नवीन पंत को ज्ञापन दिया। बताया कि कुछ दिन पूर्व भालू ने ग्राम चरेख में एक महिला पर हमला कर दिया था। कई बार भालू गांव के आसपास खेतों में घूमता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में महिलाओं का मवेशियों के लिए चारा-पत्ती लाना भी मुश्किल हो गया है। शाम ढलते ही ग्रामीण घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं।

पूर्व में शिकायत के बाद भी वन विभाग भालू को कैद करने करने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहा। सबसे अधिक खतरा बच्चों व बुजुर्गों को बना हुआ है। कहा कि यदि जल्द भालू को पकड़ने के लिए क्षेत्र में पिंजरे नहीं लगाए गए तो ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर प्रधान संगठन के अध्यक्ष सरदार सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य जितेंद्र सिंह, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपा रावत, नरेश सिंह नेगी, सुरेन्द्र सिंह, हरीश नेगी आदि मौजूद रहे।

## श्रीकोट से स्वीत तक मुख्य सुरंग हुई आर पार, मिठाई बांटकर मनाई खुशी

**श्रीनगर गढ़वाल** : ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत श्रीकोट गंगानाली में चल रहे सुरंग निर्माण कार्य का श्रीकोट से स्वीत तक 2.014 किमी. लंबी मुख्य सुरंग को आर-पार कर दिया गया है। इस उपलब्धि पर कार्यदायी कंपनी और आरवीएनएल के अधिकारी-कर्मचारियों व मजदूरों ने मिठाई बांटते हुए खुशी जाहिर की। रानीहाट से धारी देवी (डुंगरीपंथ) तक 9.2 किमी. लंबी मुख्य सुरंग निर्माण का कार्य किया जाना है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के तहत श्रीनगर, श्रीकोट, डुंगरीपंथ तक सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। शनिवार को कार्यदायी संस्था मैमर्स सोंग द ऋत्विक ने पैकेज-06 में एडिट-5(श्रीकोट) और एडिट-6(स्वीत)के बीच 2.014 किमी. लंबी मुख्य सुरंग 11 का ब्रेक थ्रू (आर-पार) करने में सफलता प्राप्त की है। इससे पहले निर्माणदायी कंपनी ने अक्टूबर में श्रीकोट से स्वीत तक एस्केप टनल की ब्रेकथ्रो सफलता पूर्वक निष्पादित किया था। इस दौरान परियोजना से जुड़े कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों ने इस पर खुशी जताई और एक दूसरे को बधाइयां दीं। कंपनी के परियोजना प्रबंधक वीरेश चाल्मी ने बताया कि भारत सरकार के रेल मंत्रालय, रेल विकास निगम और विशेषज्ञों के दिशा-निर्देशों के हिसाब से परियोजना की सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने ब्रेक थ्रू होने पर सभी कर्मचारियों और मजदूरों को शुभकामनायें प्रेषित की। इस मौके पर उपजिलाधिकारी श्रीनगर नुपूर वर्मा, आरवीएनएल के एजीएम पमीर अरोड़ा, परियोजना निदेशक आरवीएनएल पीयूष पंत, मुख्य परियोजना प्रबंधक अजीत कुमार यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, उद्योग व्यापार सभा जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## लायंस क्लब डायनेमिक ने बांटे ट्रैक सूट

**कोटद्वार** : लायंस क्लब डायनेमिक ने क्षेत्र के 11 जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए ट्रैक सूट वितरित किए। बदरीनाथ मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष मुकेश बत्रा और पूर्व अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने जरूरतमंद लोगों को ट्रैक सूट वितरित किए। उन्होंने कहा कि क्लब की ओर से जनहित में किए जाने वाले कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे। ट्रैक सूट की व्यवस्था पूर्व अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने की थी। इस मौके पर क्लब के सचिव डॉ. अनिल मोहन, परविंदर गुसाईं समेत सभी सदस्य मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**कोटद्वार** : एकेश्वर ब्लाक के रीठाखाल स्थित संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय भुवनेश्वरी चैधार में अठारह वर्षों से कार्यालय सहकर्मी पद पर कार्यरत राकेश द्विवेदी सेवानिवृत्ति हो गये हैं। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित समारोह में उनको भावभीनी विदाई दी गई।

विद्यालय प्रबंधक कालिका प्रसाद नैथानी ने कहा कि राकेश द्विवेदी ने विद्यालय सेवा में अपना शत प्रतिशत योगदान दिया है। कहा कि वे हर समय विद्यालय चलाने के लिए तत्पर रहते थे। प्रभारी प्रधानाचार्य अजय घनसेला ने कहा कि राकेश द्विवेदी सुलझे व्यक्तित्व के धनी है। विद्यालय परिवार और उनके बीच हमेशा मित्रवर प्रकार का व्यवहार रहा। वर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं विद्यालय उपप्रबंधक राकेश नैथानी ने कहा कि राकेश द्विवेदी को विद्यालय के प्रति निष्ठा एवं समर्पण के कारण महाराज की उपाधि दी गई जो उनकी पहचान बन गयी है। मौके पर विद्यालय परिवार और छात्र–छात्राओं की ओर से उनको उपहार भी दिए गए। इस अवसर पर सतीश जुयाल, सीताराम द्विवेदी, बीना देवी, प्रवेश हेमदान, कुलदीप नैथानी, दिनेश कुंडलिया, योगेश ग्वाड़ी, विजय भट्ट, कमलेश द्विवेदी और संदीप जुगरान आदि शिक्षकों सहित छात्र एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## आउटसोर्स पर्यावरण मित्रों ने खत्म की हड़ताल

**पौड़ी** : नगर पालिका के आउटसोर्स पर्यावरण मित्रों ने मांगों का सकारात्मक हल किए जाने के आश्वासन के बाद शनिवार को हड़ताल खत्म कर दी। वहीं दोपहर बाद पर्यावरण मित्रों ने शहर का कूड़ा उठान किया। शनिवार की सुबह पर्यावरण मित्रों ने पालिका के कार्यालय के समक्ष धरना देकर प्रदर्शन किया। आउटसोर्स कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सूरज ने बताया कि सुबह से ही पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य अफसरों ने आउटसोर्स पर्यावरण मित्र संघ के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की। आश्वासन दिया कि पर्यावरण मित्रों को न्यूनतम मानदेय 15 हजार, लंबित देयकों के शीघ्र भुगतान, पीएफ व ईएस-आई आदि की सुविधा दी जाएगी। जिस पर हड़ताल समाप्त कर दी गई है। पालिका के अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन ने बताया कि पर्यावरण मित्रों की मांगों को मान लिया गया है। इस मौके पर पर्यावरण मित्र अंकुश, अमित, शिवानंद, विकास हीरेलाल, विकास शिवचरण, सुरेंद्र, दीपा देवी, विशाखा देवी, रेनू देवी, कविता, रीना, सोनी, आदि शामिल रहे।

## संजीव अध्यक्ष और दीपक सचिव बनें

**श्रीनगर गढ़वाल** : अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ श्रीनगर नगर निगम शाखा की विशेष बैठक की गई। नगर निगम सभागार में श्यामलाल झिंझावर की अध्यक्षता में हुई बैठक के उपरांत सफाई मजदूर संघ श्रीनगर की नई कार्यकारिणी का चुनाव कर गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मुनेश कुमार को संरक्षक, संजीव कुमार सहदेव अध्यक्ष, सुनीज कुमार सौदे को कार्यवाहक अध्यक्ष, रीता देवी को उपाध्यक्ष, अनुज कुमार सहदेव को महामंत्री, मनोज कुमार पारछा को कोषाध्यक्ष, दीपक कमार गोडियाल को सचिव, मोहन लाल सहदेव को संगठन सचिव, निर्मला देवी को प्रसार सचिव, रेखु चुनियाल, श्यामलाल को सलाहकार, रोहित ढिंगिया, मुकेश, मनोज चुनियाल, हरिओम गोड़ियाल को सदस्य चुना गया।

## बीडीसी बैठक 11 को

**नई टिहरी** : क्षेत्र पंचायत जौनपुर की त्रैमासिक बीडीसी बैठक आगामी 11 जनवरी को ब्लॉक प्रमुख सीता रावत की अध्यक्षता में संपन्न होगी। खंड विकास अधिकारी सोहनलाल कोहली ने ब्लॉक स्तरीय समस्त जन प्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारियों से बैठक में समय पर उपस्थित होने की अपील की है। (एजेंसी)

## पुराना लोहबा में पांडव लीला का मंचन

**चमोली** : गैड़ा मेले के साथ ही पुराना लोहबा में गत एक माह से आयोजित हो रहा पांडव लीला का मंचन शनिवार को संपन्न हो गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद दर्शकों ने पांडवों से क्षेत्र की सुख एवं समृद्धि का आशीर्वाद भी लिया। मेले के समापन पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे तथा उन्होंने पांरपरिक पांड़व लीला का मंचन देखा। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष कुंदन सिंह नेगी, सचिव हीरा सिंह, कोषाध्यक्ष नंदन सिंह, पं. नरेन्द्र बरमोला, हीरा सिंह नेगी, दिनेश परसारा, मोहन नेगी, राम सिंह नेगी आदि कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पालाकुराली में जल कलश यात्रा के साथ भागवत शुरू

**रुद्रप्रयाग** : विकासखण्ड जखोली की ग्राम पंचायत पालाकुराली में राणा परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन ग्रामवासियों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ भागवत की शोभायात्रा निकाली ओर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। कथा का शुभारंभ प्रसिद्व कथावाचक ज्योतिष्पीठ व्यास आचार्य शिव प्रसाद ममगाईं ने कहा कि हमारे चारों ओर का वातावरण राममय होना आवश्यक है। कहा कि अच्छे लोग व अच्छाई करने वालों से जुड़ना भी भक्ति कहलाती है। आचार्य ममगांई ने कहा है कि अपना व अपनों सहित आगे बढ़ने का भाव रखने वाला गौकर्ण कहलाता है। इस मौके पर कृपाल सिंह राणा, किशोर सिंह राणा, डा. गुलाब सिंह राणा, दिनेश राणा, सुमेर सिंह राणा, आचार्य भानु प्रसाद संदीप बहुगुणा, आचार्य अंकित केमनी, पुष्कर राणा, सेमर सिंह राणा, अनुराग राणा, सते सिंह राणा, महावीर सिंह राणा, किशन सिंह राणा, इन्द्र सिंह राणा, दिगम्बर राणा, प्रधान कमला देवी, सुभाष राणा, वचन सिंह राणा, किशन सिंह राणा, कपूर सिंह राणा, धीरज सिंह कैंतुरा, सुभागा देवी राणा, रोशनी राणा, आचार्य विजेंद्र ममगाईं, आचार्य सुनील शुक्ला, रजनी राणा, सीमा राणा, सावित्री देवी राणा, पूर्णि देवी, क्वांरी देवी, समुद्रा देवी, सुशीला देवी, गंगी देवी, खुशी राणा, आचार्य अंकित ममगाईं, बाघा शाह, धर्मा शाह आदि भक्तगण उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## विभागीय लापरवाही से ग्रामीणों को हो रहा नुकसान

**चमोली** : बीएमबी मोटर मार्ग के किमी. 42 से नैल से पत्थरकट्टा गांव के लिए पीएमजीएसवाई योजना के तहत बन रहे मोटर मार्ग में विभागीय अमिनियता के कारण ग्रामीणों को नुकसान हो रहा है। बार-बार विभागीय अधिकारियों को अवगत करने के बाद भी स्थिति जस की जस बनी हुयी है। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों का एक शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी चमोली को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुये कहा कि डंपिंग जोन न होने के कारण उनके क्षेत्र में बन रही सड़क के कारण पेयजल, सिंचाई नहर एवं खेतों को भारी नुकसान हो गया है, वहीं मलबा गधेरे में डाले जाने से भविष्य में बाढ़ की संभावना बन रही है। सड़क निर्माण के कारण पैदल मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गये हैं जिनका समय पर रहते निदान की मांग शिष्टमंडल ने डीएम चमोली से की। शिष्ट मंडल में प्रधान देवपुरी बालादत्त, क्षेपंस गीता देवी, खिलाप, पदम, कलम, सुरेशी, जानकी, हंसी, खिमुली थे। (एजेंसी)

# रूद्रप्रयाग शहर को सुंदर एवं सुव्यस्थित बनाने की रूपरेखा तैयार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**रूद्रप्रयाग** : रुद्रप्रयाग शहर सुंदर एवं आकर्षक बनाने के लिए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ शनिवार को एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी ने भी प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि रुद्रप्रयाग शहर को सुंदर एवं सुव्यस्थित बनाने के साथ एकरूप देने का प्रयास किया जा रहा है, जिसकी रूपरेखा तैयार हो चुकी है। कहा कि जनपद में आने वाले तीर्थ यात्रियों को शहर में प्रवेश पर बाबा केदार एवं यहां की पारंपरिक पहाड़ी शैली की झकल देखने को मिले इसके लिए शहर में वॉल पेंटिंग, रंग-रोगन एवं सस्कृति को समेटती हुई चित्रकारी की जाएगी। साथ ही सभी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में समरूपता देखने को मिले इसके लिए एक समान रंग-रोगन एवं एक समान साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। शहर में छोटे पार्किंग स्थल भी विकसित किए जाएंगे, ताकि यात्रियों, दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों को असुविधा न हो। शहर में नए शौचालय भी तैयार किए जाएंगे एवं साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रथम चरण में रुद्रप्रयाग शहर को सुंदर एवं सुव्यस्थित बनाया जाएगा, इसके बाद दूसरे चरण में तिलवाड़ा एवं तृतीय चरण में अगस्त्यमुनि को इसी तर्ज पर विकसित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि संगम घाट को सुव्यस्थित एवं आकर्षक बनाने के लिए घाट में उचित लाइटिंग व्यवस्था की जाएगी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी दुरुस्त की जाएगी।



बैठक में जानकारी देते हुए डीएम डॉ. सौरभ गहरवार।

विधायक भरत सिंह चौधरी ने शहर के प्रवेश द्वार को शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम महाराज के नाम से बनाए जाने का सुझाव दिया। वहीं संगम घाट पर चेंजिग रूम, सीसीटीवी कैमरा एवं नदी किनारे सुरक्षा चेन बनाने का सुझाव दिया। साथ ही संगम स्थित संस्कृत विद्याल की क्षतिग्रस्त दीवार ठीक करवाने तथा जनपद की सीमा पर कलियासौड़-पपड़ासू से बोटिंग शुरु करने का भी प्रस्ताव रखा। बैठक में अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चैबे, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग तनुज कांबोज, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुशील कुरील, तहसीलदार रुद्रप्रयाग राम किशोर ध्यानी, अध्यक्ष व्यापार सभा रुद्रप्रयाग राय सिंह बिष्ट, सभाषद सुरेंद्र सिंह रावत, संतोष सिंह रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुशीला बिष्ट, पूर्व प्रदेश महासचिव व्यापार सभा, नरेंद्र पंवार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## नगर पंचायत गुप्तकाशी के गठन को लेकर आपत्तियों पर हुई सुनवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**रूद्रप्रयाग** : नगर पंचायत गुप्तकाशी को गठित किए जाने के संबंध में सम्मिलित होने वाले क्षेत्र अथवा ग्रामों की प्रस्तुत आपत्तियों के संबंध में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय कक्ष में प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी ऊखीमठ को निर्देश दिए हैं कि शासनादेश अनुसार गुप्तकाशी को नगर पंचायत गठित किए जाने हेतु जो भी कार्यवाही की जानी है तथा शासन द्वारा जो मानक निर्धारित किए गए हैं उन मानकों के अनुसार नगर पंचायत में सम्मिलित किए जाने वाले गांव अथवा क्षेत्रों का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि शासनादेश अनुसार सम्मिलित किए जाने वाले क्षेत्र के 75 प्रतिशत या उससे अधिक जनसंख्या कृषि से भिन्न व्यवसाय में लगे हों सम्मिलित किए जाने वाले क्षेत्र का आर्थिक महत्व हो तथा सम्मिलित किए जाने वाले क्षेत्र में शहरी गुण विद्यमान हों आदि के संबंध में विस्तृत आख्या तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराएं, ताकि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला, तहसीलदार ऊखीमठ दीवान सिंह राणा, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ चंद्रशेखर चौधरी, ग्राम प्रधान नाला कमलेश्वरी देवी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सचिव सीएम ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**टिहरी** : सचिव मुख्यमंत्री, आवास एवं वित्त विभाग डॉ. सुरेन्द्र नारायण पांडे ने घनसाली क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत जखन्याली में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। बूढ़ाकेदार बाबा के मंदिर में पांडव शीला के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सीएम सचिव ने घनसाली के जखन्याली गांव जाते समय बीते शुक्रवार को पीएचसी पिलखी में एक्सरे रूम, पैथोलॉजी लैब और वार्डों का निरीक्षण कर चिकित्सकों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुये आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पिलखी ग्राम पंचायत के बौर गांव के लिये 8.5 लाख की लागत से बनी डेढ़ किमी. लंबी बौर नहर का भी निरीक्षण किया। बाबा बूढ़ाकेदार मंदिर पहुंचकर सचिव ने पूजा अर्चना कर पांडव शीला के दर्शन किये, घनसाली के जखन्याली गांव में चौपाल लगाकर क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुना, मौके पर 15 जन शिकायतों का निस्तारण भी किया। जखन्याली की ग्राम प्रधान ऋषिता श्रीयाल ने 3 माह से मनरेगा भुगतान न होने, चारधाम यात्रियों के लिए गांव जीएमवीएन का अतिथि गृह बनाने की मांग रखी। चंद्र मोहन नौटियाल ने जखन्याली के नौताड़ा तौक में बीती बरसात में बादल फटने से क्षतिग्रस्त भूमि का समतलीकरण और दीवारों के सुधारीकरण मांग की। शांति प्रसाद गैरोला और मनोज थपलियाल ने सरोली गांव में बिजली की झुलती तारों और जर्जर हो चुके विद्युत पोलों को बदलने की मांग की। सचिव ने कहा कि पात्र व्यक्ति को हर हाल में सरकार की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए, उन्होंने अधिकारियों को जनता से सीधे जुड़ने को लेकर गांव गांव में चौपाल लगाकर समस्याएं सुनने के साथ समाधान के निर्देश दिये। मौके पर जिपंस रघुवीर सजवाण, हिम्मत रौतेला, मुख्य कृषि अधिकारी अभिलाष भट्ट, एसीएमओ एलडी सेमवाल, ईई जीतमणि बेलवाल, राघव श्रीयाल, सोना देवी, राम प्यारी देवी, कृष्णा देवी, बबिता देवी, शोभनी देवी, जयवीर मियां, मकान सिंह भंडारी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## अयोध्या से आये अक्षत, राम मंदिर का चित्र और पत्रक बांटे

नई टिहरी : जौनपुर ब्लाक के न्याय पंचायत खेड़ा, ख्यार्सी, परोड़ी, छनाण गांव, सुनाऊ ललोटना, कुंड, तिमली मठियाण गांव, बाडयू, हटवाल गांव, किलवाण, मरोड़,नवगांव आदि में भाजपा, बजरंगदल, आरएसएस और राम भक्तों ने राम जन्मभूमि अयोध्या से आये अक्षत, राम मंदिर का चित्र और पत्रक बांटे। खंड संयोजक खेमराज भट्ट ने कहा कि क्षेत्र में निरंतर अक्षत वितरण कार्य किया जा रहा है, कहा साथ ही लोगों को अयोध्या आने का निमत्रंण भी दिया जा रहा है। मौके पर सह संयोजक सनवीर बेलवाल, अनिल चौहान, डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी, किरन सोनी, ओम प्रकाश गौड, जनक बिष्ट, रमेश लेखवार, कृपाल सिंह रावत, प्रताप सिंह रावत, विजेंद्र सजवाण, वीरेंद्र राणा, आशुतोष कोठारी, विशाल रौछेला आदि शामिल थे। (एजेंसी)




# आज 442 अभ्यर्थी देगें समूह ग की परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**चमोली** : उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आज रविवार को समूह 'ग' के विभिन्न पदों के लिए मुख्य एवं लिखित परीक्षा पीजी कॉलेज गोपेश्वर में होगी। जनपद चमोली से पंजीकृत 442 अभ्यर्थी दो पालियों में परीक्षा देंगे। सुरक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्र के दायरे में धारा-144 लागू रहेगी।

लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समूह 'ग' की परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने शनिवार को सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग द्वारा जारी



सीडीओ अभिनव शाह बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

गाइडलाइन के अनुरूप परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों के बैठने के लिए सीटिंग प्लान तैयार किया जाए। लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि/समीक्षा अधिकारी राजेश सती ने बताया कि रविवार को कृषि, उद्यान, पशुपालन विभाग में समूह 'ग' के विभिन्न पदों पर परीक्षा होगी। जनपद चमोली में एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसमें कुल 442 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

बैठक में उन्होंने आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उप जिलाधिकारी आरके पांडेय, कोषाधिकारी पंकज श्रीवास्तव सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# इको टूरिज्म और नमामि गंगे से संबंधित कार्यों को तेजी से पूर्ण करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी ने वन विभाग, पेयजल निगम, जल संस्थान और समस्त नगर निकायों को इको टूरिज्म और नमामि गंगे से संबंधित कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने वन विभाग, सिंचाई विभाग, पर्यटन विभाग को वन क्षेत्रों, नदियों, जैव विविधता पार्क इत्यादि में इको टूरिज्म गतिविधियों के संचालन के लिए अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने गंगा और पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने संबंधित कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

जिला नमामि गंगे और इको टूरिज्म समिति की बैठक एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने इको टूरिज्म समिति और नमामि गंगे से जुड़े हुए निकायों और विभागों को जनपद में संचालित संयुक्त घरेलू उत्प्रवाह में पर्यावरणीय और एनजीटी के मानकों का अनुपालन करवाने के निर्देश दिये। डीएम ने साफ कहा कि जो संस्थान, परिसर मानकों का उल्लंघन करते हैं उन पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर आयुक्त कोटद्वार को निर्देशित किया कि शहर में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन और सीवेज ट्रीटमेंट प्लान से संबंधित कार्यों को कंपाइल करते हुए शासन को वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। बैठक में डीएफओ स्वप्निल अनिरूद्व, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनामिका सिंह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश खत्री, मुख्य कृषि अधिकारी अश्विन गौतम, पर्यावरण स्पेशलिस्ट अक्षय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

## आयुक्त ने निकाय कर्मियों को लगाई फटकार

**टिहरी** : राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने नगर पालिका, देवप्रयाग का निरीक्षण किया। कार्यालय में रिकॉर्ड सही तरीके से नहीं मिलने पर उन्होंने निकाय कर्मियों को फटकार भी लगाई। राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट शुक्रवार देर सांय यहां पहुंचे। सूचना अधिकार से जुड़ी शिकायतों को लेकर उन्होंने नगर पालिका में रात 8 बजे तक पत्रावलियों की जांच की। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना अधिकार के तहत मिले आवेदनों को बोझ न समझा जाए। कार्य संस्कृति में बदलाव लाकर व्यवस्था को पारदर्शी बनाए। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार गलतियों को सुधारने का मौका देता है। इसकी धारा 4 के तहत 17 बिंदुओं का मन्युअल सभी विभागों को अपनाने को कहा गया है, जिससे हर सूचना आम लोगों को मिल सके। उन्होंने कहा कि मैदानी क्षेत्रों की अपेक्षा पहाड़ों में सूचना अधिकार का कम उपयोग हो रहा है। राज्य सूचना आयुक्त का विधायक विनोद कंडारी ने स्वागत करते उन्हें भगवत गीता भेंट की। शनिवार सुबह सूचना आयुक्त ने श्री रघुनाथ मन्दिर में पौष माह की महापूजा में भाग लिया व 1946 में स्थापित नक्षत्र वेधशाला का भी भ्रमण कर यहां संग्रहित दुर्लभ धरोहर को बचाने की जरूरत बतायी। इस मौके पर एसडीएम सोनिया पंत, तहसीलदार सूरजपाल सिंह, ईओ रघुवीर राय, प्रमोद चौहान, विजय जोशी, सुरेश पंत, शशि ध्यानी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## वन विभाग ने लाखों की तुन की लकड़ी पकड़ी

**नई टिहरी** : टिहरी वन प्रभाग नई टिहरी रेंज के कर्मचारियों ने ढुंगीधार स्थित एक कारपेंटर की दुकान के पास से तुन प्रजाति की अवैध लकड़ी के 264 नगों को बरामद किया है, विभाग ने कारपेंटर के खिलाफ पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पकड़ी गई लकड़ी कीमत 8 लाख रुपये बताई जा रही है। वन विभाग नई टिहरी रेंज के रेंजर आशीष डिमरी ने बताया बीते शुक्रवार सांय को ढुंगीधार स्थित कारपेंटर भगवान शर्मा की दुकान के आगे तुन प्रजाति के 264 स्लीपर मिले हैं, जिसमें कडी और तख्ते के रुप में चिरान की गई लकड़ी शामिल है। बताया कारपेंटर से पूछताछ में उसने लकड़ी के बारे अनभिज्ञता जाहिर करते हुये कहा कि उसे मालूम नहीं है, उक्त लकड़ी किसने रात को उसके दुकान के आगे रख दी है। रेंजर ने बताया की मामले में कारपेंटर के खिलाफ ढुंगीधार चौकी में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है, साथ ही कारपेंटर की आरा मशीन को सीज कर दिया गया है। बताया बरामद लकड़ी की कीमत करीब 8 लाख रुपये आंकी गई है। लकड़ी किसने कारपेंटर की दुकान के आगे रखी है, इस संबंध में कारपेंटर से पूछताछ की जा रही है,साथ अन्य स्त्रोतों से भी जानकारी जुटाई जा रही है, जानकारी मिलने के बाद नियमनुसार आगे की कार्यवाही की जाऐगी। मौके पर वन दरोगा होशियार सिंह, वन बीट अधिकारी लक्ष्मण सिंह सजवाण, आजाद सिंह पंवार,रमेश थपलियाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## एनबीई ने डीएनबी पीजी डिग्री कोर्स के लिए दो सीटों की दी स्वीकृति

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमडी, एमएस, डीएनबी (डिग्री) पीजी कोर्स के लिए एनबीई ने बाल रोग विभाग में दो सीटों के लिए स्वीकृति दे दी है। स्वीकृति मिलने के बाद अब बाल रोग विभाग में डिग्री कोर्स शुरू होने से स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैयार होंगे। डीएनबी डिग्री कोर्स की स्वीकृति हेतु बीते वर्ष 9 नवम्बर को एनबीई टीम के सदस्य ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज फरीदाबाद से आये डॉ. आरएन मंडल ने बाल रोग विभाग का निरीक्षण किया था। जिसमें बाल रोग विभाग व निक्कू वार्ड सहित अस्पताल के तमाम बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के संदर्भ में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद एनबीई ने बाल रोग विभाग में डीएनबी पीजी डिग्री कोर्स के लिए दो सीटों पर अनुमति दे दी है। अब पीजी कोर्स के लिए पीजी रेजिडेंट चिकित्सक मिलने से बेस चिकित्सालय में मरीजों के इलाज में गुणात्मक इजाफा होगा। पीजी में प्रवेश लेने के लिए उत्तराखंड के साथ अन्य प्रांतों से पीजी करने के लिए डॉक्टर पहुंच रहे हैं। बाल रोग विभाग के लिए पीजी कोर्स के लिए दो सीटों पर स्वीकृति मिलने पर विभाग व संस्थान ने खुशी जाहिर की है। अब श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में पीजी सीटो की कुल संख्या 52 हो चुकी है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने कहा कि एनबीई ने सीटों की स्वीकृति पर पत्र भेजा है जो कि मेडिकल कॉलेज के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के अथक प्रयासों से आज मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा संसाधन बढ़ रहे हैं। (एजेंसी)

# आज होगी उत्तरांचल इलेवन और तीन-गढ़वाल राइफल्स में खिताबी भिड़ंत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** स्व. शशिधर भट्ट स्मृति खेल संस्था की ओर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का चौथा दिन उत्तरांचल इलेवन और तीसरी गढ़वाल के नाम रहा। रविवार को फाइनल मैच उत्तरांचल इलेवन और तीन-गढ़वाल राइफल्स के मध्य खेला जायेगा।

शनिवार को आयोजित सेमीफाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व काबीना मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी, बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत, महर्षि विद्या मंदिर कोटद्वार के प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह गुसांई ने किया। पहला सेमीफाइनल मैच उत्तरांचल इलेवन और बनवसा के बीच खेला गया। उत्तरांचल इलेवन ने बनवसा को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरा सेमीफाइनल मैच 19-गढ़वाल और तीन-गढ़वाल राइफल्स के मध्य खेला गया। तीन-गढ़वाल राइफल्स के अंकुश ने 29वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। मैच के दूसरे हाफ में राहुल ने लगातार दो गोल कर टीम को 3-0 की बढ़त दिलाई।

तीन-गढ़वाल राइफल्स के अजय ने गोल को टीम को 4-0 की बढ़त दिलाई। तीन-गढ़वाल राइफल्स ने 19-गढ़वाल राइफल्स को 4-0 से पराजित कर फाइनल में जगह पक्की की। इस दौरान फुटबॉल टूर्नामेंट देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। इस अवसर पर अतुल भट्ट, भारत सिंह कुकरेती, नंद किशोर कुकरेती, दिनेश जुयाल, धीरेंद्र कंडारी, सुनील रावत, सिद्धार्थ रावत सहित क्षेत्रीय फुटबाल प्रेमी मौजूद रहे।


स्टेडियम में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान गोल के लिए संघर्ष करते खिलाड़ी

# सीएम के प्रस्तावित दौरे की तैयारियां शुरू

## कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करें अफसर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में जनपद में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण व परिसंपत्ति को लेकर बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मुख्यमंत्री के भ्रमण हेतु आवश्यक तैयारियां जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।

जिलाधिकारी ने जनपद में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मुख्यमंत्री के आगमन हेतु समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने को कहा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने भूमि/परिसंपत्तियों के अतिक्रमण को तत्काल रोके जाने एवं हटाए जाने के संबंध समस्त विभागीय अधिकारियों से अभी तक हुई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने कम प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि 2 दिन के भीतर अपने-अपने विभागीय भूमि पर हुए अतिक्रमण की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। विभिन्न विभागों का अभी तक 6704 परिसंपत्ति डाटा पोर्टल पर अपलोड कर लिया गया है। बैठक में डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, मुख्य कृषि अधिकारी अश्विन गौतम, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद उनियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

# धीमी गति से हो रहा बांघाट पुल का मरम्मत कार्य, ग्रामीणों में आक्रोश

**पौड़ी** : दो सालों से भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित बांघाट पुल की मरम्मत का कार्य धीमी गति से चल रहा है। जिससे कांसखेत, देवप्रयाग जाने वाले लोगों को नदी के किनारे व बीच में बने रेत बजरी से बने रास्ते से जाना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि 15 महीने पहले जिलाधिकारी पौड़ी द्वारा पुल की मरम्मत के लिए बजट जारी कर दिया गया था। लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक पुल का मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो पाया है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। हजारों की आबादी को जोड़ने वाले नयार नदी पर बने पुल के बंद होने से ग्रामीणों को कई महीनों से अपनी जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ रही थी। फिलहाल नदी पार जाने के लिए नयार नदी के किनारे व बीचों बीच रेत बजरी से कच्चा रास्ता बनाया गया है। जिसमे होकर गुजर रहे वाहनों को एक लंबा टर्न लेना पड़ रहा है, साथ ही वाहनों को भी क्षति पहुंच रही है। सतपुली से बांघाट को जोड़ने वाले बांघाट पुल पिछले काफी समय से क्षतिग्रस्त था। करीब 50 साल पुराना यह लौहे से बना पुल पैदल आवागमन के लिए भी खतरनाक साबित हो रहा था। पुल की मरम्मत के लिए बजट उपलब्ध न होने व भारी वाहनों से पुल को और अधिक खतरा देख प्रशासन की ओर से इस पुल को भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। हालांकि पुल पर अन्य वाहनों की आवाजाही जारी थी। क्षेत्र जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा पुल की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से शासन से बजट की मांग की गई थी। लेकिन शासन द्वारा अभी तक इसके लिए बजट स्वीकृत न करने से इसकी मरम्मत में देरी होती रही। जिलाधिकारी पौड़ी डा. आशीष चौहान ने जिला खनिज न्यास से इस पुल की मरम्मत के साथ ही भार क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया और इसके लिए 1 करोड़ 94 लाख 29 हजार के बजट का प्रावधान किया गया है।

# पश्चिम एशिया धूं–धूं कर जलेगा ?

**श्रुति व्यास**

मामला भडका सात अक्टूबर को। अचानक वह हुआ जिसकी कल्पना नहीं सालों से की खुन्नस, उत्पीडन, आतंक और भय की एक दिन इजराइल को कीमत अदा करनी पड़ी। तब सेपश्चिम एसिया की हवा में बारूद की गंध घुली हुई है। हमास के आंतकी हमले के बाद से इजराइल बड़े पैमाने पर लगातार बदले की कार्यवाही कर रहा है। नतीजतन पूरे पश्चिम एसिया में अशांति है।और विश्लेषक, चिंतक, कूटनीतिज्ञ, सैन्य अधिकारी सभी भविष्यवाणी कर रहे हैं कि आगे यह क्षेत्र और धूं–धूं करके जलेगा। गाजा पर ताबड़तोड़ हमले करके इजराइल ने उसे राख के ढेर में बदल दिया है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार वहां 22,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनुसार 19 लाख लोग विस्थापित हैं। मंगलवार को लेबनान के एक शीर्षस्थ नेता की हत्या हुई। और अगले ही दिन ईरान में हुए दो रहस्यपूर्ण विस्फोटों में कई लोग मारे गए। इससे पश्चिम एसिया एक क्षेत्रीय युद्ध के कगार पर पहुंचा है जिसमें सभी पक्ष घसीटते हुए हैं। सभी देशों पर खतरा मंडरा रहा है।

पिछले तीन महीनों से हिज़्बुल्लाह और इजराइल एक दूसरे पर ज्यादा और ज्यादा मिसाईलें दाग रहे हैं, हवाई हमले कर रहे हैं और तोप के गोले छोड़ रहे हैं। लेकिन दोनों पक्षों ने अपनी कार्यवाही को एक सीमा के आगे नहीं बढ़ने दिया है। लेकिन 7 अक्टूबर के बाद से इजरायली जनता और नेताओं की यह धारणा बलवती होती जा रही है कि हिज़्बुल्लाह द्वारा उत्पन्न खतरे से निपटना ही होगा। इस बीच हिज़्बुल्लाह के नेता हसन नसरल्ला ने चेतावनी दी थी कि लेबनान की भूमि पर हुए किसी भी कत्ल का 'मुंहतोड़ जवाब' दिया जाएगा। हमास के नेता की हत्या के बाद बुधवार को उन्होंने कहा कि हिज़्बुल्लाह 'चुप नहीं बैठेगा' हालांकि यह माना जा रहा है कि हिज़्बुल्लाह तुरंत बदले की कोई बड़ी कार्यवाही नहीं करेगा और इजराइल के अधिकांश सैन्य संसाधनों के गाजा पर हमलों में खलास होने और नतीजे में पश्चिम एसिया कीअरब जनता में व्यापक आक्रोश उत्पन्न होने का इंतजार करेगा। वह अपने हथियारों के भंडार सुरक्षित रखना चाहेगा और लड़ाई का बोझ हमास और यमन के हूती लड़ाकों पर छोड़ देगा।

लेकिन ईरान में हुए विस्फोटों के कुछ ही घंटों बाद अमरीका और उसके 12 मित्र राष्ट्रों ने यमन के हूतियों को एक लिखित चेतावनी जारी की है। हूति लगभग प्रतिदिन मिसाइलों, ड्रोनों और नौकाओं से व्यापारिक जहाजों पर हमले कर रहे हैं। अब तक अमेरिका हूतियों पर जवाबी हमला करने से कतराता रहा है, बहुत हद तक इसलिए क्योंकि वह यमन में चल रहे गृहयुद्ध में हुए एक नाजुक संघर्ष विराम को नुकसान पहुंचाना नहीं चाहता। लेकिन अब बाइडन प्रशासन के अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि उनका धैर्य समाप्त हो रहा है। रविवार को अमेरिकी सेना ने कहा कि जब वे एक कंटेनर जहाज की मदद कर रहे थे, तब उन पर हूती लड़ाकों ने हमला किया। बाद में हैलीकाप्टरों के जरिए किए गए हवाई हमले में ये लड़ाके मारे गए। ऐसी खबरें हैं कि अमेरिका और ब्रिटेन यमन में हूतियों के अड्डों पर हमला करने पर विचार कर रहे हैं।

ईरान के पूर्व सैन्य जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र पर ईरान के केरमान में हुए विस्फोटों ने स्थिति को और बिगाड़ा है। ईरान ने बिना देरी किए इन विस्फोटों के लिए इजराइल को जिम्मेदार बता दिया है।

वहीं यूरोपीय और अमरीकी अधिकारियों का कहना है कि उन्हें नहीं लगता कि इनमें इजराइल का हाथ है। अब तक ईरान के खिलाफ इजरायली कार्यवाहियां सीमित लक्ष्य हासिल करने के लिए की गईं हैं झ चाहे वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम के मुख्य आर्किटेक्ट की हत्या हो या उसके परमाणु और मिसाइल अड्डों को तहस–नहस करना हो।ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बुधवार को जारी एक वक्तव्य में हमले के लिए 'देश के दुष्ट और आपराधिक शत्रुओं' को जिम्मेदार ठहराया लेकिन उन्होंने किसी संगठन या देश का नाम नहीं लिया।

# नीतीश का शह–मात का खेल

**अजीत द्विवेदी**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव से पहले अपना बड़ा दांव चल दिया है। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की जगह जब नीतीश कुमार ने खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का फैसला किया तो मीडिया में जो विमर्श बना वह एकतरफा था। हर जगह यह माना और कहा गया कि अब नीतीश कुमार ने फिर से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में लौटने का फैसला कर लिया है और इसलिए राजद समर्थक दिख रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष को हटा दिया है। इस विश्लेषण में कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन इस पूरे प्रयोग को दूसरे पहलुओं से भी देखने की जरुरत है। दूसरे पहलुओं में बिहार की जमीनी राजनीति में नीतीश की पार्टी की हैसियत, उनके वोट आधार और सामाजिक समीकरण पर खास तौर से ध्यान देने की जरुरत है। ध्यान रहे नीतीश की पार्टी पिछले 20 साल में सबसे कमजोर स्थिति में है। लगातार दो विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी की सीटें कम हुई हैं और कुछ घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनसे उनकी मानसिक सेहत को लेकर सवाल उठे हैं। तभी उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में एक दांव से नया विमर्श गढ़ने और अपने समर्थक मतदाताओं को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया है

इसमें कोई संदेह नहीं है कि विधायकों की संख्या के लिहाज से जनता दल यू तीसरे नंबर की पार्टी है। लेकिन वह इसलिए है क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में साथ होने के बावजूद भाजपा ने जनता दल यू को कमजोर करने की परोक्ष राजनीति की थी। भाजपा की शह पर चिराग पासवान ने नीतीश को खत्म करने का बीड़ा उठाया था और उनके हिस्से की हर सीट पर अपना उम्मीदवार उतारा था। भाजपा की ओर से बार बार कहा जाता है कि चिराग ने यह काम अपनी मर्जी से किया था। लेकिन हकीकत सबको पता है। भाजपा के कई दिग्गज नेता 2020 में चिराग की पार्टी की टिकट पर लड़े थे और बाद में भाजपा में लौट गए थे। सोचें, 2019 में भाजपा, जदयू और लोजपा का परफेक्ट गठबंधन था। तीनों ने मिल कर 40 में से 39 लोकसभा सीटें जीती थीं तो 2020 में ऐसा क्या हो गया कि चिराग अलग लड़ने चले गए और नीतीश को खत्म करने का संकल्प कर लिया? वह भी तब जब उनके पिता रामविलास पासवान जीवित थे!

बहरहाल, भाजपा के इस दांव के बावजूद संयोग ऐसा हुआ कि नीतीश खत्म नहीं हुए। उनकी पार्टी को 43 सीटें मिल गईं और विधानसभा की संरचना ऐसी बनी कि उनके बगैर किसी की सरकार नहीं बन सकती थी। चूंकि भाजपा उनके चेहरे पर चुनाव लड़ी थी इसलिए मजबूरी हो गई कि उनको सीएम बनाया जाए। लेकिन नीतीश ने गांठ बांधी ली थी भाजपा से बदला निकालने की। तभी भाजपा के साथ करीब दो साल सरकार चलाने के बाद वे मंडल की राजनीति को जिंदा करने के लिए राजद के साथ चले गए। उसके बाद से भाजपा ने उनको राजनीतिक रूप से कमजोर करने का दूसरा अभियान शुरू किया। इसके तहत उनके आधार वोट को तोड़ने का प्रयास हो रहा है। इससे पहले तक भाजपा लालू प्रसाद के आधार वोट में सेंध लगाने का प्रयास कर रही थी। लेकिन दूसरे चरण में उसने नीतीश को निशाना बनाया। इसके लिए कोईरी जाति के मजबूत नेता सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। ध्यान रहे नीतीश की राजनीति का कोर वोट आधार कोईरी–कुर्मी–धानुक का है। इसमें उन्होंने बड़ी होशियारी से अत्यंत पिछड़ी जातियों और महादलित को जोड़ा है और सामान्य वर्ग के सहयोग से एक मजबूत आधार तैयार किया है। सम्राट चौधरी को अध्यक्ष बनाने के बाद भाजपा ने उनकी जगह हरि सहनी को विधान परिषद में अपना नेता बनाया, जो अत्यंत पिछड़ी जाति से आते हैं और सामान्य वर्ग के विजय सिन्हा को विधानसभा में नेता विपक्ष बनाया। इस तरह भाजपा ने नीतीश के लव–कुश और अत्यंत पिछड़ा व सवर्ण के समीकरण की तरह अपना जातीय समीकरण तैयार किया।तभी नीतीश कुमार के लिए यह जरूरी हो गया था कि वे अपने वोट आधार को टूटने से बचाने के लिए कोई पहल करें। ललन सिंह के अध्यक्ष रहते यह संभव नहीं था क्योंकि उनकी वजह से जदयू के पूरी तरह से राजद समर्थक और भाजपा–मोदी विरोधी पार्टी बन जाने की छवि बन रही थी। सो, ललन सिंह की जगह अध्यक्ष बन कर नीतीश ने एक तीर से कई शिकार किए हैं। उन्होंने पार्टी के राजद समर्थक होने की धारणा तोड़ी है। ध्यान रहे बिहार में राजद समर्थक होने का एक फायदा है कि मुस्लिम–यादव का 32 फीसदी वोट मिल जाता है लेकिन नुकसान बहुत ज्यादा है। बाकी 68 फीसदी वोट में नाराजगी का खतरा पैदा होता है। आज भी राजद को लेकर बिहार का बड़ा तबका आशंकित रहता है, जिसमें अत्यंत पिछड़ी जातियां हैं, दलित हैं और सवर्ण हैं। दूसरी मझोली जातियां जैसे कोईरी–कुर्मी आशंकित नहीं रहते हैं लेकिन वे भी राजद विरोधी हैं क्योंकि ये जातियां अब सत्ता पर अपना अधिकार चाहती हैं। इसलिए नीतीश ने अध्यक्ष बन कर पहला काम तो यह किया कि राजद विरोधी वोट में मैसेज बनवाया कि वे राजद के आगे समर्पण नहीं कर चुके हैं और उनका अपना नेतृत्व कायम है। ध्यान रहे बिहार में कमजोर और वंचित जातीय समूहों, सवर्णों और महिलाओं में नीतीश के प्रति बहुत लगाव रहा है और तमाम प्रचार के बावजूद वह खत्म नहीं हुआ है। नीतीश ने उसे फिर से जिंदा करने का प्रयास किया है।

इसी दांव से उन्होंने जदयू के भाजपा विरोधी होने की छवि को तोड़ने का प्रयास भी किया है। गौरतलब है कि ललन सिंह की वजह से जदयू के बारे में यह धारणा बनी थी कि वह भाजपा और नरेंद्र मोदी की घनघोर विरोधी पार्टी हो गई है। संसद में दिया गया ललन सिंह का भाषण हो या बाहर के भी बयान हों। जैसे जैसे वे राजद के नजदीक पार्टी को ले जा रहे थे वैसे वैसे भाजपा से कटुता बढ़ रही थी। नीतीश को पता है कि बिहार में एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जो केंद्र में नरेंद्र मोदी का समर्थन करता है लेकिन बिहार में नीतीश को देखना चाहता है। ललन सिंह की राजनीति से ऐसे वर्ग में नीतीश विरोधी धारणा बन रही थी। उनको हटा कर नीतीश ने इस तबके को संतुष्ट किया है। अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि नीतीश किसके साथ लोकसभा चुनाव लड़ेंगे लेकिन अगर वे राजद और कांग्रेस के साथ ही लड़ते हैं तब भी चुनाव में यह मैसेज बना रहेगा कि वे चुनाव के बाद भाजपा के साथ जा सकते हैं।

सो, नीतीश ने राजद के रंग में रंगे होने की धारणा तोड़ी है तो भाजपा से नजदीकी का मैसेज भी बनवाया है। इसका फायदा यह हुआ है कि 10 दिन पहले जहां यह चर्चा हो रही थी कि जदयू का विलय राजद में होगा, जदयू में टूट हो जाएगी और तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे वहां अब यह चर्चा हो रही है कि जदयू का तालमेल भाजपा के साथ हो सकता है। इससे नीतीश को पहला फायदा यह हुआ है कि उनकी पार्टी टूटने की चर्चा थम गई है। अगर वे राजद के साथ ही रहते तो उनके कई सांसद छोड़ कर जाते क्योंकि पिछली बार वे राजद के खिलाफ लड़ कर जीते थे और इस बार उनकी सीट राजद को मिलने वाली है। भाजपा के साथ जाने की चर्चाओं से सांसदों में कंफ्यूजन बना है। अगर जदयू और भाजपा का तालमेल हो जाता है तब तो कोई बात नहीं है लेकिन अगर नहीं भी जाते हैं और अगले एक–दो महीने कंफ्यूजन बना रहता है तो सांसदों के टूटने की संभावना काफी कम हो जाएगी।

दूसरी ओर राजनीतिक पहल अपने हाथ में लेकर नीतीश ने गेंद भाजपा और राजद के पाले में डाल दी है। अगर राजद की महत्वाकांक्षा तेजस्वी को सीएम बनाने की है और नीतीश यह इच्छा नहीं पूरी करते तब भी लालू प्रसाद समर्थन वापस लेकर गठबंधन की सरकार नहीं गिरा सकते हैं। इससे 'इंडिया' ब्लॉक में, सेकुलर राजनीति में और मतदाताओं के बीच उनकी साख बिगड़ेगी। तभी राजद की मजबूर है कि वह नीतीश को मुख्यमंत्री बनाए रखे। दूसरी ओर भाजपा की स्थिति ऐसी नहीं है कि वह नीतीश की पार्टी के 30 विधायक तोड़ सके। इतने विधायक तोड़ने से भी राज्य में उसकी सरकार नहीं बनने वाली है। उलटे नीतीश को कमजोर करने के प्रत्यक्ष मैसेज से नीतीश को फायदा होगा।

# बड़ी चिंता की बात है

यह साफ है कि कुछ राजनीतिक पार्टियों और सिविल सोसायटी के भी बहुत बड़े हिस्से में अडानी– हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट फैसले को सिर–आंखों पर लेने का भाव नहीं दिखा है। विचारणीय है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है और इसका क्या समाधान है?

अडानी– हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दो विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया गौरतलब रही। कांग्रेस ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय देते हुए 'असाधारण उदारता' दिखाई है। उधर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा कि यह फैसला देकर न्यायपालिका ने अपनी प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी नहीं की है।

लोग इन दोनों प्रतिक्रियाओं के अर्थ अपने ढंग से निकालेंगे, लेकिन यह तो साफ है कि ये दोनों पार्टियों, दरअसल विपक्ष का एक बड़ा हिस्सा और सिविल सोसायटी के भी बहुत बड़े भाग में इस फैसले को सिर–आंखों पर लेने का भाव नहीं दिखा है। क्या इसे देश की न्यायपालिका की घटती साख का संकेत माना जाएगा? अगर ऐसा है, तो यह बहुत बड़ी चिंता की बात है। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में आम धारणा यह होती है कि सरकार विभिन्न हितों के बीच समन्वय बनाने वाली इकाई है। वह या उसकी संस्थाएं ऐसा करती नहीं दिखतीं, तो शिकायत न्यायपालिका के पास जाती है। न्यायपालिका का निर्णय सर्वोच्च होता है, जिसे सभी संबंधित पक्ष पूर्ण विश्वास के साथ स्वीकार कर लेते हैं। लेकिन भारत में इस परंपरा का ह्रास होता दिख रहा है।

यह विचारणीय है कि ऐसा क्यों हो रहा है और इसका क्या समाधान है? गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने अडानी समूह के खिलाफ जांच करने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की मांग को ठुकरा दिया है। अदालत ने हिंडनबर्ग मामले में अडानी समूह के खिलाफ सेबी की जांच पर भरोसा जताया है और कहा है कि सेबी ही जांच को आगे ले जाएगी। एक और खास बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में हिंडनबर्ग और संबंधित मीडिया रिपोर्टों की साख पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं।

कोर्ट ने कहा कि प्रेस की रिपोर्टें सेबी के लिए इनपुट जरूर हो सकती हैं, लेकिन उनके आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि बतौर नियामक सेबी अपना काम करने में नाकाम रही। कोर्ट ने यह भी कहा है कि सेबी और सरकार को देखना चाहिए कि क्या हिंडनबर्ग रिपोर्ट से किसी भारतीय कानून का उल्लंघन हुआ और क्या इस मामले में कोई कार्रवाई की जा सकती है।

# बांग्लादेश: लोकतंत्र का प्रहसन?

चुनावों की वैधता इससे तय होती है कि उसमें विकल्प के रूप में जनता के सामने विभिन्न दल मौजूद हों और सभी दलों को चुनाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होने का भरोसा हो। जबकि बांग्लादेश में विपक्ष चुनाव का बहिष्कार कर रहा है।

बांग्लादेश में रविवार यानी सात जनवरी को आम चुनाव के लिए मतदान होगा। मगर यह ऐसा चुनाव है, जिसका नतीजा लगभग पहले से तय है। कारण यह है कि देश की मुख्य विपक्षी पार्टियां चुनाव का बहिष्कार कर रही हैं। उन पार्टियों के कई नेता जेल में हैं। शेख हसीना की अवामी लीग 2009 में सत्ता में आई थी। 2014 के चुनाव में वह फिर जीती, लेकिन तब विपक्ष ने उस पर बड़े पैमाने पर धांधली करने का आरोप लगाया। 2019 में विपक्षी दलों– खासकर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने मांग की कि पहले की तरह तटस्थ चुनाव कराने की परिपाटी फिर से अपनाई जाए। प्रधानमंत्री शेख हसीना इसके लिए राजी नहीं हुईं, तो बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया। वही कहानी 2024 में दोहराई जा रही है। लेकिन क्या इसे लोकतंत्र कहा जाएगा? चुनावों की वैधता इससे तय होती है कि उसमें विकल्प के रूप में जनता के सामने विभिन्न दल मौजूद हों और सभी दलों को चुनाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होने का भरोसा हो।

जबकि बीएनपी और उसके सहयोगी दलों का कहना है कि उन्हें यह यकीन नहीं है कि शेख हसीना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराएंगी। यह आरोप भी है कि शेख हसीना पिछले कुछ सालों में निरंकुश हो गई हैं। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र के दूतों के एक समूह ने भी बीते नवंबर में कहा था कि बांग्लादेश में न्यायिक सिस्टम का हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके तहत आलोचक पत्रकारों, मानवाधिकार और सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि को निशाना बनाया गया है।

समूह ने कहा कि देश में न्यायपालिका की स्वतंत्रता कम हुई है और मूलभूत मानवाधिकारों का हनन बढ़ा है। शेख हसीना और उनकी पार्टी ऐसे इल्जामों को सिरे से खारिज करती हैं। पार्टी के इस दावे में दम है कि अपने 15 साल के शासनकाल में उसने बांग्लादेश की आर्थिक सूरत बदल दी है। साथ ही उसने समाज में कट्टरपंथी गुटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। मगर प्रश्न है कि अगर अवामी लीग को अपनी उपलब्धियों पर इतना भरोसा है, तो उसे विपक्ष को चुनाव में पराजित कर देने का यकीन क्यों नहीं है?

## जगह–जगह जाकर फोटो सेशन करवाते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पर मणिपुर क्यों नहीं जाते?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान को नहीं मानते और हमें संसद में बोलने भी नहीं देते इसलिए 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' आयोजित कर कांग्रेस लोगों के बीच जा रही है, ताकि हम अपनी बात उनसे कह सकें तथा समाज के हर वर्ग से मिलकर उनकी बात सुन सकें।

श्री खड़गे शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से पूरब से पश्चिम की ओर होने वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के लोगो और नारे का लोकार्पण करते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी के लिए संविधान से ज्यादा नागपुर के आदेश का मतलब है, इसलिए वह नागपुर से मिले आदेश का संविधान की तरह पालन करते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार मनमाने तरीके से पुराने कानूनों को बदल रही है और तानाशाही तरीके से काम कर रही है। हम संसद में देश से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश करते हैं, तो हमें बोलने का कोई मौका नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी केरल जाते हैं, तो कभी मुंबई। कभी बीच पर जाकर नए–नए वस्त्र पहनकर फोटो खिंचवाते हैं, तो कभी अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर में जाकर फोटो सेशन करवाते हैं, लेकिन कभी मणिपुर नहीं जाते। श्री खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विपक्ष के 146 सांसदों को संसद की कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है।

श्री खड़गे ने कहा कि श्री मोदी खुद संसद में नहीं आते



हैं। इस बार वह कम से कम लोकसभा में आए, लेकिन उन्होंने एक बार भी राज्यसभा की ओर नहीं देखा। यह अन्याय है और कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार के अन्याय के खिलाफ 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' कर रही है। यात्रा में हम जनता को बताएंगे कि इसके अलावा कोई रास्ता नहीं है। हमने संसद में बोलने और मुद्दों को उठाने की कोशिश की, लेकिन हमें निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का मंच एनजीओ, पत्रकारों, किसान, छोटे व्यापारी, दलित–पिछड़े वर्ग, आदिवासियों और बौद्धिक वर्ग को जोड़ने का भी है। यह यात्रा केवल अपनी बात जनता तक पहुंचाने का नहीं बल्कि जनता की आवाज और उनकी समस्याओं को सुनने का भी मंच है। कांग्रेस अध्यक्ष ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में इंडिया गंठबंधन के दलों तथा अन्य मित्र दलों को भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि वह इन सभी दलों के नेताओं को इस यात्रा में शामिल होने का आग्रह करते हैं।

श्री खड़गे ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार खुले आम ईडी, सीबीआई आयकर विभाग तथा अन्य छोटी मोटी एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी दलों तथा उनके सगे संबंधियों पर कर रहे हैं। सरकार सबको डरा रही है और डरा धमका कर अपनी बात मनवाने के लिए दबाव डाल रहे हैं। इस क्रम में विपक्षी दलों के नेताओं को पकड़ रहे हैं और दबाव बना रहे हैं। उन्हें पकड़ते हैं, तो उनके ऊपर कोई भी केस थोप देते हैं, लेकिन जैसे ही वह आदमी भाजपा में शामिल होता है, उसकी छवि साफ हो जाती है। आखिर ये कहां का न्याय है। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के माध्यम से हम जनता से जुड़े मुद्दों पर बात करेंगे। हम महंगाई, बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे, मजदूरों की बुरी हालत, अमीर–गरीब के बीच में बढ़ती खाई और जातिगत जनगणना से जुड़े मुद्दों पर जन जागरण करेंगे। यात्रा के दौरान राहुल जी समाज के विभिन्न वर्गों से, संगठनों से बात करेंगे और उनकी समस्याओं के समाधानों पर विचार–विमर्श करेंगे। श्री खड़गे ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को जरूरी बताते हुए कहा कि इस बार न्याय होकर रहेगा, हर कमज़ोर को हक मिल के रहेगा। बराबरी का हक, रोजग़ार का हक, सम्मान का हक। हक के लिए 14 जनवरी से मणिपुर से मुंबई तक–भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगी। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी ट्वीट किया कि हम फिर आ रहे हैं अपनों के बीच,अन्याय और अहंकार के विरुद्ध झ 'न्याय की ललकार' लेकर। सत्य के इस पथ पर मेरी शपथ है, यात्रा जारी रहेगी, न्याय का हक़, मिलने तक।

### जापान में भूकंप से मरने वालों की संख्या 100 पहुंची, लापता लोगों की संख्या 211

**टोक्यो ,एजेंसी।** जापान के इशिकावा प्रांत में नए साल के दिन आए सिलसिलेवार शक्तिशाली भूकंपों के बाद से कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई है और 211 अन्य लापता हैं। अधिकारियों को और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है। बचाव और खोज के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित वाजिमा शहर में शनिवार सुबह तक 59 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, इसमें ढही हुई इमारतों के मलबे में लगभग 100 लोगों के दबे होने की खबरें हैं।आफ्टरशॉक अभी भी इस क्षेत्र को झटका दे रहे हैं, और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने कहा कि शनिवार को सुबह 5.25 बजे इशकावा के नोटो प्रायद्वीप में 10 किमी की गहराई पर 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। क्षेत्र में शनिवार को बारिश की संभावना के साथ, जेएमए ने स्थानीय निवासियों को संभावित भूस्खलन के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी दी। इशिकावा में बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ है, लगभग 24,000 घरों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ा और 14 शहरों और कस्बों में 66,000 घरों को पानी नहीं मिला। सोमवार को आए सबसे शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.6 मापी गई। वाजिमा से लगभग 30 किमी पूर्व–उत्तरपूर्व में केंद्रित विनाशकारी भूकंप की अधिकतम तीव्रता 7 दर्ज की गई।

### हवा में ही खुल गया विमान का दरवाजा, करानी पड़ी आपात लैंडिंग– 177 लोग बाल–बाल बचे

**कैलिफोर्निया ,एजेंसी।** अलास्का एयरलाइंस का एक विमान हादसे का शिकार होते होते बचा। बोइंग 737–9 मैक्स विमान को उस समय आपात लैंडिंग करनी पड़ी, जब उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही उसका एक दरवाजा हवा में ही खुल गया। यात्रियों द्वारा बनाए गए वीडियो में देखा गया कि बीच का केबिन दरवाजा विमान से पूरी तरह से अलग हो गया था। बता दें कि विमान पोर्टलैंड से कैलिफोर्निया के ओन्टारियो के लिए जा रहा था। विमान के उड़ान भरने के तुरंत बाद ही ये घटना घटी। विमान में 171 लोग और 6 चालक दल के सदस्य स्वार थे। दरवाजे के अलग होने की बात पता लगने के बाद पोर्टलैंड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान को सुरक्षित रूप से वापस उतरा गया। घटना के बाद अलास्का एयरलाइंस ने एक्स पर लिखा, हम घटना के बारे में जांच कर रहे हैं और ये पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या और कैसे हुआ।

### भारतीय–अमेरिकी पूर्व–यूएसएआईडी प्रमुख को न्यूयॉर्क फेड निदेशक मंडल में किया नामित

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी।** रॉकफेलर फाउंडेशन के भारतीय–अमेरिकी अध्यक्ष डॉ. राजीव शाह को फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क के निदेशक मंडल में नामित किया गया है। फेडरल रिजर्व सिस्टम के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने शाह को 31 दिसंबर, 2026 को समाप्त होने वाले तीन साल के कार्यकाल के लिए क्लास सी निदेशक के रूप में नियुक्त किया।

फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क ने जारी एक बयान में कहा, न्यूयॉर्क फेड के निदेशक मंडल में क्लास सी निदेशक जनता के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। शाह ने 2017 से द रॉकफेलर फाउंडेशन का नेतृत्व किया है, जो एक परोपकारी संस्था है, जिसका मिशन दुनिया भर के लोगों की भलाई को बढ़ावा देना है। फाउंडेशन में शामिल होने से पहले, वह लैटीट्यूड कैपिटल के संस्थापक और प्रबंध भागीदार थे, जो एक निजी इक्विटी फर्म है, जो अफ्रीका और एशिया में बुनियादी ढांचे व ऊर्जा परियोजनाओं पर केंद्रित है।2009 से 2015 तक, उन्होंने यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के प्रमुख के रूप में कार्य किया।

### बालिका गृह से 26 बच्चियां गायब, मानव तस्करी की आशंका, अवैध रूप से चल रहा था चिल्ड्रन होम

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के भोपाल में एक हैरतअंगेज घटना पेश आई है। यहा बालिका गृह से 26 बच्चियां गायब हो गई हैं। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है यह बालिका गृह अवैध रूप से चल रहा था। गायब हुई बच्चियां झारखंड, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, बालाघाट, छिंदबाड़ा और रायसेन से हैं। बालिका गृह भोपाल के परवलिया थाना क्षेत्र में चल रहा था। राष्ट्रीय बाल आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने इस संबंध में मध्य प्रदेश को मुख्य सचिव को पत्र लिख दिया है।

मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब राष्ट्रीय बाल आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगों ने परवलिया में चल रहे बालिका गृह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जब उन्होंने रजिस्टर चेक किया तो उसमें 68 बच्चियों की एंट्री थी, लेकिन उनमें से 26 बच्चियां गायब थीं। जब उन्होंने इस बारे में पूछताछ की तो बालिका गृह का संचालक कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

## ईडी अफसरों पर हमला: क्या पश्चिम बंगाल में लगेगा राष्ट्रपति शासन? किम जोंग से ममता की तुलना

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर जानलेवा हमले के बाद सियासत गरमा गई है। पुलिस ने मामले में 3 एफआईआर दर्ज की हैं। घटना के बाद विपक्ष ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर दी है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा ईडी के अधिकारियों पर हमले हो रहे हैं। राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए यह उपयुक्त मामला है। पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था का जनाजा निकल गया है। उधर, भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि यह संघीय ढांचे पर हमला है।

यही नहीं, केंद्रीय राज्यमंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तुलना किम जोंग से कर दी। इसी बीच राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने संकेत दिया है कि वह सभी संवैधानिक विकल्पों पर विचार करेंगे और मामले में उचित कार्रवाई करेंगे। बता दें कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां के समर्थकों ने शुक्रवार को छापेमारी करने आए ईडी के अधिकारियों पर





हमला कर दिया और उनके वाहनों में तोड दिया।

अधिकारी राशन वितरण घोटाले की जांच के संबंध में शाहजहां के उत्तर 24 परगना जिला स्थित आवास पर छापा मारने पहुंचे थे। एक अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारी राज्य में 15 स्थानों पर छापेमारी कर रहे हैं और शेख का आवास उनमें से एक है। अधिकारी ने बताया कि जब ईडी अधिकारी सुबह संदेशखली इलाके में शेख के आवास पर पहुंचे, तो बड़ी संख्या में तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने ईडी अधिकारियों और उनके साथ आए केंद्रीय बलों के जवानों को घेर लिया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शन किया और फिर उन पर हमला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने टीम को वहां से जाने के लिए मजबूर कर दिया।

## ईडी की 17 घंटे की मैराथन पूछताछ के बाद राशन घोटाले में टीएमसी नेता शंकर आध्या गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और उत्तर 24 परगना में बोंगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या को शनिवार तड़के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मैराथन पूछताछ के बाद उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि राशन वितरण के कथित घोटाले में करीब 17 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने आज तड़के आध्या को गिरफ्तार कर लिया। यह घोटाला कथित तौर पर 2011–2021 के बीच मलिक के खाद्य मंत्री के कार्यकाल के दौरान किया गया था।




उन्होंने बताया कि ईडी अनिवार्य चिकित्सा परीक्षण के बाद दिन में आध्या को न्यायिक प्रक्रिया के लिए एक विशेष अदालत के समक्ष पेश करेगी। सूत्रों के अनुसार आध्या की गिरफ्तारी शुक्रवार को उत्तर 24 परगना के सरबेरिया, संदेशखाली में टीएमसी समर्थकों के एक वर्ग द्वारा ईडी की एक अन्य टीम के साथ मारपीट के कुछ घंटों बाद हुई। सूत्रों ने बताया कि बंगाल पुलिस ने इस सिलसिले में दस संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। सहजान शेख के गेट अंदर से बंद होने कारण ईडी ने जवाब पाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बाद में गेट तोड़ने की कोशिश की। यह देखकर टीएमसी समर्थकों ने कथित तौर पर केंद्रीय सशस्त्र बलों की मौजूदगी में ईडी अधिकारियों की पिटाई शुरू कर दी। सूत्रों ने बताया कि हमलों में ईडी के दो अधिकारी घायल हो गए, उनमें से एक को सिर में चोट लगी। इस दौरान, मीडियाकर्मियों के साथ भी धक्का–मुक्की की गई और उनके कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए गए। प्रेस क्लब, कोलकाता ने इन हमलों की निंदा की।

### आईडीएफ ने गाजा बीच रिज़ॉर्ट के नीचे हमास सुरंग नेटवर्क को किया नष्ट

**तेल अवीव ,एजेंसी।** इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने घोषणा की कि उन्होंने गाजा में एक समुद्र तट रिसॉर्ट के नीचे बने हमास सुरंग नेटवर्क का पता लगाया और उसे नष्ट कर दिया।

बीती देर रात एक्स पर एक पोस्ट में सेना ने कहा, आईडीएफ सैनिकों ने उत्तरी गाजा में समुद्र तट के किनारे ब्लू बीच होटल के नीचे हमास के आतंकवादी क्वार्टर पर कार्रवाई की और इस सप्ताह की शुरुआत में बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया।

हमास के आतंकवादियों ने होटल से हमलों की योजना बनाई और उन्हें अंजाम दिया। होटल के नीचे कई हथियार पाए गए, इनमें एके –47 असॉल्ट राइफलें, विस्फोटक और ड्रोन शामिल थे।

लड़ाई के दौरान, होटल में मौजूद दर्जनों हमास आतंकवादियों ने आईडीएफ बलों पर टैंक रोधी मिसाइलें दागीं, जिन्होंने जवाबी कार्रवाई की। होटल के क्षेत्र में बलों के अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों का सामना किया और उन्हें मार गिराया।

# टी-20 विश्व कप का शेड्यूल जारी होते ही बदला भारतीय टीम का कप्तान, इस खिलाड़ी को कमान

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच और चार दिवसीय मैच के लिए 13 सदस्यीय भारत 'ए' टीम की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड के दौरे की शुरुआत 12 जनवरी से दो दिवसीय अभ्यास मैच के साथ होगी। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के ग्राउंड बी में खेला जाएगा, जबकि 17 जनवरी से शुरू होने वाला पहला चार दिवसीय मैच भी नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।



बंगाल के क्रिकेटर अभिमन्यु ईश्वरन को भारत ए टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान और प्रदोष पॉल जैसे कुछ खिलाड़ी भारतीय टेस्ट टीम में मध्यक्रम में जगह पक्की करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। साई सुदर्शन और पाटीदार ने दक्षिण अफ्रीका में अपना वनडे डेब्यू किया था, जबकि प्रदोष ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ रेड बॉल मैच में भारत ए के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। तेज गेंदबाजी विभाग का नेतृत्व नवदीप सैनी और आकाश दीप करेंगे। आकाश दीप को दक्षिण अफ्रीका वनडे के उत्तरार्ध में भारत की टीम में शामिल किया गया था और वह सीनियर टीमों के दरवाजे खटखटा रहे थे।

तीसरे सीमर के लिए कर्नाटक के विदवथ कावेरप्पा और मुंबई के अनुभवी तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे के बीच मुकाबला होगा। राजस्थान के युवा बाएं हाथ के मानव सुथार राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को प्रभावित करना चाहेंगे क्योंकि वह पिछले घरेलू सत्र में बहुत अच्छे प्रदर्शन के साथ एक उभरते हुए खिलाड़ी रहे हैं। भारत ए और इंग्लैंड लायंस श्रृंखला 25 जनवरी से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली इंग्लैंड की पांच मैचों की श्रृंखला के पूर्वाभ्यास के तौर पर खेली जाएगी।

**यह हो होगी टीम**

टीम-अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, प्रदोष रंजन पॉल, केएस भरत (विकेटकीपर), मानव सुथार, पुलकित नारंग, नवदीप सैनी, तुषार देशपांडे, विदवथ कावरप्पा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आकाश दीप।

## शेफील्ड यूनाइटेड ने विलारियल से ऋण पर ब्रेरेटन डियाज़ पर हस्ताक्षर किए

**लंदन ,एजेंसी।** शेफील्ड यूनाइटेड ने चिली के अंतर्राष्ट्रीय स्ट्राइकर बेन ब्रेरेटन डियाज़ के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है। प्रीमियर लीग क्लब ने यह जानकारी दी। वह सीजन् के अंत तक ला लीगा क्लब विलारियल सीएफ से आते हैं और शनिवार को गिलिंगम में एफए कप के तीसरे दौर के मुकाबले में डेब्यू कर सकते हैं, बशर्ते अंतरराष्ट्रीय मंजूरी हासिल हो।

ब्रेरेटन डियाज़ ने कहा, जैसे ही मुझे पता चला कि इसमें रुचि है, मैंने कुछ लोगों से बात की और हमने इस डील को जल्दी से पूरा कर लिया। मैं वास्तव में स्पेन में नहीं खेल रहा था और मुझे बताया गया था कि मैं ऋण पर बाहर जा सकता हूं, इसलिए यह बहुत अच्छा है अब मैं इंग्लैंड में ऐसे महान क्लब में रहूंगा और एक ऐसा क्लब जिसके खिलाफ खेलकर मैं अच्छी तरह से जानता हूं। मैं शुरुआत करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। ब्रेरेटन डियाज का अंग्रेजी फुटबॉल में एक इतिहास है। 2015 में नॉटिंघम फॉरेस्ट में शामिल होने से पहले वह मैनचेस्टर यूनाइटेड और स्टोक सिटी के युवा सेट-अप का हिस्सा रहे थे।

इसके बाद वह 2018 में ब्लैकबर्न रोवर्स में चले गए। इस कदम को 7 मिलियन पाउंड की कथित फीस के लिए जनवरी 2019 में स्थायी बना दिया । क्लब के लिए उनका सर्वश्रेष्ठ सीजन् 2021/22 था जहां उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं में 22 गोल किए, जिसमें ईवुड पार्क में ब्लेड्स के खिलाफ स्ट्राइक भी शामिल थी। पिछले सीजन् में उन्होंने विलारियल के साथ चार साल के समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए ला लीगा में जाने से पहले सभी प्रतियोगिताओं में 16 बार स्कोर किया था।

## क्रिकेट के मैदान पर विकेटकीपर के साथ हो गया दर्दनाक हादसा, बुलानी पड़ी एंबुलेंस

**मेलबर्न ,एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में मेलबर्न स्टार्स के विकेटकीपर-बल्लेबाज सैम हार्पर प्रैक्टिस सेशन के दौरान चोटिल हो गए, जिससे उनके साथी खिलाड़ी डर गए। स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की कप्तानी वाली इस टीम की प्रैक्टिस सेशन के दौरान हार्पर के सिर के पास जोर से गेंद लग गई, जिससे वो मैदान पर ही गिर पड़े। हार्पर को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। हार्पर क्लब ने कहा, हम चाहते हैं कि आप इस समय उनकी निजता का सम्मान करें। क्लब जानकारी मिलने पर आगे के अपडेट उपलब्ध कराएगा। इस बीच 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' की खबर के अनुसर हार्पर 'क्रॉस-बैट' शॉट खेलने का प्रयास कर रहे थे जब गेंद उनकी ठोढ़ी पर लगी जिससे बड़ा कट लग गया।

## नडाल ने ब्रिस्बेन में एक और प्रभावशाली जीत दर्ज की, क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ब्रिस्बेन ,एजेंसी।** स्पेनिश दिग्गज राफेल नडाल की एटीपी टूर में वापसी ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में शानदार जीत के साथ जारी रही। पूर्व विश्व नंबर 1, जो हाल ही में चोटों के कारण 12 महीने के लंबे ब्रेक के बाद एक्शन में लौटे, ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के जेसन कुबलर को 6-1, 6-2 से हराया। 37 वर्षीय नडाल, जिन्होंने ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम के खिलाफ शानदार शुरूआती जीत के साथ शुरुआत की थी, हार्ड-कोर्ट एटीपी 250 इवेंट में उतनी ही प्रभावशाली जीत हासिल करके आगे बढ़े, जहां उन्होंने छोड़ा था। नडाल, जिन्होंने इस सप्ताह से पहले ब्रिस्बेन में चोट के कारण लगभग 12 महीने तक कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था, उन्होंने 83 मिनट में कुबलर को पीछे छोड़ दिया।

## पाकिस्तान का टेस्ट सीरीज में सफाया कर आस्ट्रेलिया ने डेविड वार्नर को दी विदाई

**सिडनी, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में शानदार अर्धशतक जड़ कर डेविड वार्नर ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया को चौथे दिन आठ विकेट से जीत दिलाई और अपने टेस्ट करियर को अलविदा कह दिया। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने पर्थ और मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज की थी।



सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर मैच के चौथे और अंतिम दिन मेजबान टीम ने 130 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। दिन के खेल की शुरुआत मोहम्मद रिज़वान और आमिर जमाल ने सतर्क रुख के साथ की। रिजवान (28) को नाथन लियोन ने आउट किया। पाकिस्तान को 100 रन के स्कोर के आंकड़े को पार कराने के बाद रिजवान ने लियोन की गेंद पर पहली स्लिप में वार्नर को कैच थमा दिया। पाकिस्तान की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब पैट कमिंस की गेंद पर आमिर (18) डीप स्कवायर लेग पर ट्रैविस हेड के हाथों लपके गये। लियोन ने आखिरी खिलाड़ी के तौर पर हसन अली को आउट किया और मेहमान टीम 115 रन पर ऑलआउट हो गई। आस्ट्रेलिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही जब साजिद खान की गेंद पर पहले ही ओवर में उस्मान ख्वाजा पगबाधा करार दिये गये।

पहला विकेट शून्य पर गंवाने के बावजूद आस्ट्रेलिया ने आक्रामक रवैया अख्तियार किया। वार्नर ने अपनी टीम को बढ़त दिलाने के लिए कई आक्रामक स्ट्रोक लगाए। उन्होंने अपने टेस्ट करियर के 37वें और अंतिम अर्धशतक पूरा करने के लिए कुछ साहसिक स्ट्रोक लगाये। लंच तक ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए केवल 39 रन और चाहिए थे और मार्नस लाबुशेन का आत्मविश्वास भी बढ़ रहा था। ऑस्ट्रेलिया लक्ष्य से 11 रन पीछे था,तब साजिद की गेंद पर ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट श्रृखंला में वार्नर (57) एलबीडब्लू करार दिए गए। लाबुशेन ने 73 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 62 रन बनाकर नाबाद रहते हुए विजयी रन बनाया। आमिर को पहली पारी में शानदार 82 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया जबकि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस को सीरीज में सर्वाधिक 19 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। मैच के बाद के प्रेजेंटेशन समारोह में वार्नर को भावभीनी विदाई दी गई। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने सलामी बल्लेबाज को विदाई उपहार के रूप में बाबर आजम के हस्ताक्षर की गयी जर्सी भेंट की गई।

## साई शक्ति, अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने पांचवें दिन जीत हासिल की

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** साई शक्ति टीम और अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने अपने-अपने मैच जीते, जबकि ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर ने यहां दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग झ चरण 2 के पांचवें दिन शुक्रवार को साई बाल टीम के साथ ड्रा खेला।

दिन के पहले मैच में साई शक्ति टीम ने प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी को 7-0 से हराया। पूर्णिमा यादव (28', 43', 53') ने हैट्रिक लेकर साई शक्ति टीम का नेतृत्व किया, जबकि बिनाती मिंज (9'), भाव्या (10'), प्रियंका (36') और कप्तान काजल (54') ने एक-एक गोल किया।दिन के दूसरे मैच में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर ने साई बाल टीम के साथ 0-0 से ड्रा खेला। पिछले दिन अपने-अपने मैच जीतकर अच्छी फॉर्म के साथ इस खेल में आने वाली दोनों टीमें अपनी जीत की लय बनाने की कोशिश कर रही थीं।हालाँकि, दोनों टीमों की ओर से रक्षा के कड़े प्रदर्शन ने यह सुनिश्चित किया कि मैच बिना कोई गोल किए ड्रॉ पर समाप्त हो।दिन के तीसरे मैच में अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने भाई बेहलो हॉकी अकादमी भगता को 4-1 से हराया। मैच का पहला गोल भाई बेहलो हॉकी अकादमी भगता के लिए जानवी (6') ने किया, लेकिन अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी के लिए पी. मधुरिमा बाई (15', 53') और एम. वैष्णवी (17', 59') ने गोल किये।

## ट्वेंटी-20 वर्ल्ड कप पहली जून से; अमरीका-कनाडा में ओपनिंग मैच, 29 जून को बारबाडोस में फाइनल मैच

**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल घोषित कर दिया है। टूर्नामेंट पहली से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमरीका में खेला जाएगा। नौ शहरों में 55 मैच होंगे। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं, दोनों के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला नौ जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। वहीं, फाइनल मैच 29 जून को वेस्टइंडीज के बारबाडोस शहर में होगा। टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार 20 टीमें शामिल की गई हैं। इससे पहले हुए दो संस्करण में 16-16 टीमें थीं। इंग्लैंड डिफेंडिंग चैंपियन है, जबकि भारत ने 2007 में पहले ही टूर्नामेंट का खिताब जीता था। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच खेला जाएगा। मुकाबला पहली जून को डालास में ही होगा। क्रिकेट इतिहास का पहला मुकाबला भी अमरीका और कनाडा के बीच ही 1844 में खेला गया था। पहली से 17 जून तक ग्रुप स्टेज के 40 मैच होंगे। 19 से 24 जून तक सुपर-8 स्टेज के 12 मुकाबले खेले जाएंगे। 26 जून को गयाना में पहला सेमीफाइनल और 27 जून को त्रिनिदाद में दूसरा सेमीफाइनल मैच होगा। 29 जून को बारबाडोस में फाइनल मैच खेला जाएगा।




**विंडीज में 41, अमरीका में 14 मुकाबले** टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी वेस्टइंडीज और अमरीका संयुक्त रूप से कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के छह शहरों में कुल 41 मुकाबले होंगे। यहीं तीनों नॉकआउट मैच होंगे, जबकि अमरीका के न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डालास शहर में बाकी 14 मुकाबले होंगे। वेस्टइंडीज के छह शहर त्रिनिदाद, गयाना, बारबाडोस, एंटीगुआ, सेंट विंसेंट और सेंट लुसिया हैं।

**भारत-पाक के सभी मैच अमरीका में**

टी-20 वर्ल्ड कप में 5-5 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। इसी ग्रुप में आयरलैंड, कनाडा और अमरीका भी हैं। भारत और पाकिस्तान अपने सभी मैच अमरीका में ही खेलेंगे।

**सुपर-8 में जाएंगी एक ग्रुप से दो टीमें**

ग्रुप-ए की तरह ही ग्रुप बी, सी और डी में भी 5-5 टीमें हैं। सभी टीमें अपने ग्रुप में 4-4 मैच खेलेंगी। ग्रुप स्टेज के आखिर में प्वाइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें सुपर-8 स्टेज में जाएंगी। इस स्टेज में आठ टीमों को 4-4 के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। यहां दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच सेमीफाइनल खेले जाएंगे।

## आईओए ने रघुराम अय्यर को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा किए गए सुधारों को स्वीकार करते हुए आखिरकार रघुराम अय्यर को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। नामांकन समिति द्वारा आयोजित एक सावधानीपूर्वक चयन प्रक्रिया के बाद रघुराम अय्यर के नाम पर मुहर लगी है। वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष और आईओए के संयुक्त सचिव कल्याण चौबे का स्थान लेंगे जो सीईओ का अस्थायी प्रभार संभाल रहे थे। आईओए ने एक विज्ञप्ति में कहा, सावधानीपूर्वक विचार करने और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के साथ गहन साक्षात्कार के बाद, नामांकन समिति ने सर्वसम्मति से मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की भूमिका के लिए रघुराम अय्यर को चुना। खेल प्रबंधन और प्रशासन में उनका समृद्ध अनुभव और कसौटी पर कसा हुआ ट्रैक रिकॉर्ड देश में ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने और विकसित करने के आईओए के मिशन का नेतृत्व करने के लिए उन्हें एक आदर्श उम्मीदवार बनाता है। नामांकन समिति की ओर से बोलते हुए डॉ. पी.टी. उषा ने आईओए को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की अय्यर की क्षमता पर भरोसा जताया। डॉ. उषा ने कहा, हमारा मानना है कि रघुराम अय्यर नेतृत्व, रणनीतिक दृष्टि और खेल परिदृश्य की गहरी समझ का एक अनूठा संयोजन लेकर आएँगे।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

-सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596070, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com